शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 53 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 19 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


## मंत्री पद की शपथ दिलाने से राज्यपाल का इनकार, मामला कोर्ट में

**नई दिल्ली**

**राज्यपाल** आरएन रवि के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की है। दरअसल तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि से वरिष्ठ डीएमके नेता के पोनमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने की अपील की थी, लेकिन राज्यपाल ने सीएम की सिफारिश मानने से इनकार कर दिया। इसी के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

**क्या है तमिलनाडु सरकार की याचिका में**

तमिलनाडु सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने की बात कही। सिंघवी ने याचिका में कहा कि राज्यपाल ने फिर वैसा ही किया है, जैसे मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने पहले सुनवाई की थी। अदालत ने पोनमुडी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने उनकी मंत्रीपद पर नियुक्ति के लिए राज्यपाल से सिफारिश की। इस पर राज्यपाल ने पोनमुडी की मंत्री पद पर नियुक्ति को असंवैधानिक बताकर मुख्यमंत्री की सिफारिश मानने से इनकार कर दिया।

**डीएमके ने मांगा राज्यपाल का इस्तीफा**

**तमिलनाडु** की सत्ताधारी पार्टी डीएमके ने सीएम की सिफारिश मानने से इनकार पर राज्यपाल आरएन रवि का इस्तीफा मांग लिया है। डीएमके के प्रवक्ता सर्वानन अन्नादुराई ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा 'राज्यपाल का व्यवहार दिनों दिन खराब होता जा रहा है। वह राज्यपाल पद के लिए शर्मनाक हैं। वह कानून के मुताबिक और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं।

## आजम खान को डूंगरपुर प्रकरण में सात साल की सजा

**रामपुर**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान को अदालत ने एक और मामले में सजा सुनाई है। इस बार उन्हें डूंगरपुर प्रकरण में सात साल की कैद और पांच लाख रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। पूर्व सीओ सिटी आले हसन खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खान और बरेली के ठेकेदार बरकत अली को पांच साल की सजा हुई है।

# 'इंडिया' गठबंधन पर जमकर बरसे मोदी

### उनके घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने की बात कही गई, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं, मैं जान की बाजी लगा दूंगा'





**हैदराबाद**

**लोकसभा** चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है। तमिलनाडु और केरल में रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना पहुंचे। तेलंगाना के जगतियाल में सोमवार को उन्होंने एक बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए हर मां और बेटी शक्ति का रूप है और वह उनकी पूजा करते हैं। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, "कल, मुंबई में इंडी गठबंधन ने एक रैली की। चुनाव के नतीजों की घोषणा होने के बाद यह उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर उन्होंने कहा, "मेरे लिए हर मां, बेटी, बहन शक्ति का रूप है। मैं शक्ति के रूप में उनकी पूजा करता हूं। मैं भारत माता का पुजारी हूं। उनके घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने की बात कही गई, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं। मैं जान की बाजी लगा दूंगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, "क्या कोई शक्ति की विनाश के बारे में बात कर सकता है? हमने चंद्रयान मिशन की सफलता को उस बिंदू का नाम देकर समर्पित किया जहां चंद्रयान उतरा था। हमने उस बिंदू को शिव शक्ति का नाम दिया था। यह लड़ाई शक्ति को नष्ट करने वालों और शक्ति की पूजा करने वालों के बीच है। मुकाबला चार जून को हो जाएगा।"अपने संबोधन में पीएम मोदी ने बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव शुरू हो चुका है और 13 मई को तेलंगाना के मतदाता इतिहास लिखेंगे।

## 'शक्ति का सफाया' पर राहुल गांधी की सफाई



**मुंबई में** राहुल गांधी ने 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाला बयान दिया तो भाजपा को हाथों हाथ नया मुद्दा मिल गया। राहुल द्वारा ह्यशक्तिह्न पर दिए गए बयान को पीएम मोदी ने शिवमोगा की जनसभा में खूब भुनाया। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन शक्ति का सफाया चाहता है तो मैं शक्ति की उपासना का एलान करता हूं। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद राहुल गांधी ने अपना जवाब दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी भी धार्मिक शक्ति के बारे में नहीं बल्कि अधर्म, भ्रष्टाचार और झूठ की शक्ति के बारे में बात कर रहे थे।

**राहुल ने पीएम मोदी पर लगाए आरोप**

राहुल ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि उनके शब्दों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि मैं उस ताकत के बारे में बात कर रहा हूं, जिसका मुखौटा प्रधानमंत्री ने पहना हुआ है। पीएम मोदी को मेरे द्वारा कहे गए शब्द अच्छे नहीं लगते। वह हमेशा मेरे शब्दों को घुमा फिरा कर किसी और दिशा में मोड़ देते हैं।

**इस शक्ति का मुखौटा प्रधानमंत्री हैं- राहुल**

राहुल ने एक्स पर लिखा है कि मैं उस शक्ति की बात कर रहा हूं जिसका मुखौटा प्रधानमंत्री हैं। यह ऐसी शक्ति है, जिसने देशभर के लोगों की आवाज को अपने चंगुल में दबोच लिया है। इस शक्ति ने भारत की संस्थाओं, सीबीआई, आईटी, ईडी, चुनाव आयोग, मीडिया, उद्योग जगत और भारत के संवैधानिक ढांचे को अपने कब्जे में ले लिया है।

## मुंबई के शिवाजी पार्क में क्या हुआ था?



**रविवार** 17 मार्च के दिन मुंबई के शिवाजी पार्क में इंडी गठबंधन द्वारा शक्ति प्रदर्शन किया गया था। इस रैली में राहुल गांधी ने शक्ति के खिलाफ लड़ाई वाला बयान दिया था, जिसे भाजपा ने मुद्दा बना लिया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर शिवाजी पार्क में रैली का आयोजन किया गया था। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत 14 जनवरी को मणिपुर से हुई थी।

लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी को लेकर बड़े पैमाने पर सियासी घमासान मचा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनके इस बयान की निंदा की है। वहीं, पीएम मोदी ने राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए हर बेटी शक्ति का रूप है और मैं अपनी माताओं-बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।

**बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने का लगाया आरोपः** वहीं, राहुल गांधी ने पीएम मोदी के इस बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी किसी न किसी तरह शब्दों के अर्थ को बदलने की कोशिश करते हैं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं।

## समुद्री डकैतों के लिए काल बनी भारतीय नौसेना तो अमेरिका का आया फोन





**नई दिल्ली**

अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड ऑस्टिन ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से टेलीफोन पर बात की। इस दौरान ऑस्टिन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने में भारतीय नौसेना के साहस की सराहना की। दोनों नेताओं ने महत्वाकांक्षी भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग रोडमैप को लागू करने के तरीकों पर भी चर्चा की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना है।

**इन मुद्दों पर हुई चर्चा**

रक्षा मंत्री राजनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे मित्र लायड ऑस्टिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। द्विपक्षीय, क्षेत्रीय सुरक्षा और रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग रोडमैप को लागू करने के तरीकों पर भी चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

## आचार संहिता लागू होने के बाद बड़ी कार्रवाई, छह राज्यों के गृह सचिव हटाने के निर्देश





**नई दिल्ली**

**निष्पक्ष** लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने सोमवार को गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटाने का भी आदेश दिया गया। यह कदम समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने के आयोग के कोशिशों का हिस्सा है।

**मिजोरम-हिमाचल प्रदेश के कई सचिव को हटाया**

साथ ही मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभागों के सचिव को हटा दिया गया है। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के कुछ दिनों बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता वाले चुनाव पैनल ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल, अतिरिक्त आयुक्तों और उपायुक्तों को हटाने का भी आदेश दिया।

**चुनाव आयोग ने सभी राज्यों को दिए थे निर्देश**

आयोग ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का तबादला करें, जो तीन साल पूरे कर चुके हैं या अपने गृह जिलों में हैं।

महाराष्ट्र ने कुछ नगर निगम आयुक्तों और कुछ अतिरिक्त और उप नगर आयुक्तों के संबंध में निर्देशों का पालन नहीं किया था। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को सोमवार शाम छह बजे तक रिपोर्ट देने के निर्देश के साथ बीएमसी और अतिरिक्त एवं उपायुक्तों का स्थानांतरण करने का निर्देश दिया।

## तमिलिसाई सुंदरराजन का तेलंगाना के राज्यपाल पद से इस्तीफा, चुनाव लड़ेंगी



**हैदराबाद**

**तेलंगाना की राज्यपाल** तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पुडुचेरी के राजभवन की तरफ से जारी बयान में उन्होंने इस केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल पद छोड़ने की भी जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा भारत की माननीय राष्ट्रपति को भेज दिया गया है। गौरतलब है तमिलिसाई सुंदरराजन को नवंबर 2019 में तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें फरवरी 2021 में पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

**चुनाव लड़ने की अटकलें**

कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तमिलिसाई सुंदरराजन इस बार भाजपा के टिक्ट पर तमिलनाडु से चुनाव लड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा उन्हें डीएमके नेता कनिमोझी के खिलाफ भी उतार सकती है। 2019 के चुनाव में सुंदरराजन ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें कनिमोझी के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 2009 में वे चेन्नई (उत्तर) सीट से प्रत्याशी रही थीं। हालांकि, यहां उन्हें डीएमके के टीकेएस एलंगोवन से हार का सामना करना पड़ा।

## नायब सैनी की सीएम पद पर नियुक्ति को चुनौती



**चंडीगढ़**

**हरियाणा** में मुख्यमंत्री पद पर नायब सिंह सैनी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आज पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले में हरियाणा सरकार, केंद्र सरकार, विधानसभा अध्यक्ष और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। याचिका में आरोप लगाया था कि नायब सिंह की मुख्यमंत्री के तौर पर नियुक्त नियमों के खिलाफ जाकर की गई है। हर शरण वर्मा बनाम उत्तर प्रदेश व अन्य मामले का हवाला देते हुए याची ने कहा कि राज्यपाल अनुच्छेद 164 के तहत राज्य की विधानसभा के बाहर के किसी व्यक्ति को मंत्री पद पर नियुक्त नहीं कर सकते हैं। सैनी अभी सांसद हैं और ऐसे में वह विधानसभा का हिस्सा नहीं है। इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि हरियाणा की विधानसभा में 90 सीट हैं और यदि नायब सैनी को मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया जाता है तो यह संख्या बढ़ कर 91 हो जाएगी। याचिका में कहा गया कि सैनी की नियुक्ति संवैधानिक नियमों की अवहेलना कर की गई है। सैनी की नियुक्ति नहीं बल्कि इंस्टॉलेशन की गई है जिससे खुलेआम संविधान का मजाक उड़ाया गया है। इससे पहले 2019 में याची ने हरियाणा में उप मुख्यमंत्री पद पर दुष्यंत चौटाला की नियुक्ति को भी चुनौती दी थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

## ईआईए अधिसूचना के तहत नहीं आएंगे बूचड़खाने

**नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने सोमवार को कहा कि बूचड़खानों और मांस प्रसंस्करण इकाइयों को पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के दायरे में लाने की कोई जरूरत नहीं है। केंद्र ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को बताया कि इसके लिए पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उन्हें नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश और सुरक्षा उपाय पहले से ही मौजूद हैं। मालूम हो कि हाल ही में पशु अधिकार कार्यकर्ता गौरी मौलेखी ने पिछले साल नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाते हुए बूचड़खानों और मांस प्रसंस्करण इकाइयों को पर्यावरण प्रभाव आकलन के दायरे में लाने की मांग की थी। उन्होंने इसके लिए तर्क दिया था कि बूचड़खानों में पानी की अत्यधिक खपत होता है और इससे जल निकाय भी दूषित होते हैं।

## ओपीएस: 'कर्मियों का भविष्य सुरक्षित रखने में फेल हुई सरकार'





**नई दिल्ली**

**देश में** पुरानी पेंशन बहाली के लिए ज्वाइंट फोरम फॉर रेस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस)/नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के बैनर तले आंदोलन कर रहे विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेने का निर्णय अब तूल पकड़ने लगा है। केंद्र एवं राज्यों के कुछ कर्मचारी संगठन, इसके पक्ष में नजर नहीं आ रहे। महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे कई राज्यों में ओपीएस को लेकर प्रदर्शन/रैलियां आयोजित हो रही हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेने के निर्णय पर जब कर्मचारी संगठनों की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई, तो एआईआरएफ के अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्रा को एक पत्र जारी करना पड़ा। उन्होंने 17 मार्च को जेएफआरओपीएस/एनजेसीए के घटक संगठनों को लिखे पत्र में कहा है कि ओपीएस व अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर सरकार के साथ हुई जेएफआरओपीएस/एनजेसीए के प्रतिनिधियों की बातचीत पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। सभी साथियों से अपील है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मियों का भविष्य सुरक्षित रखने में अगर सरकार फेल रहती है, तो आने वाले समय में कर्मचारी संगठन, कठोर एक्शन के लिए तैयार रहें।

**14 मार्च को हुई थी अहम बैठक**

जेएफआरओपीएस/एनजेसीए ने सरकार को ओपीएस के मुद्दे पर 19 मार्च को देश में एक मई से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस देने का निर्णय लिया था। इसके बाद 14 मार्च को नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी और नेशनल काउंसिल/जेसीएम (स्टाफ साइड) के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में हड़ताल पर जाने का निर्णय रद्द कर दिया गया।

इस बैठक में सरकार की तरफ से वित्त मंत्रालय के सचिव (व्यय), सचिव डीओपीटी, अतिरिक्त सचिव (व्यय), चेयरमैन पीएफआरडीए, जेएस/डीएफएस और ईडी/पीएफआरडीए उपस्थित रहे। कर्मचारी पक्ष की तरफ से बैठक के लिए एआईआरएफ के अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्रा, एनएफआईआर के गुमान सिंह, कन्फेडरेशन के महासचिव रूपक सरकार, आईएनडीडब्ल्यूएफ के आर. श्रीनिवासन, एआईडीईएफ के श्री कुमार और ऑल इंडिया अकाउंट्स एंड ऑडिट एसोसिएशन के तपन बोस का नाम तय किया गया। बैठक के बाद शिव गोपाल मिश्रा द्वारा स्ट्राइक की कॉल वापस लेने का जो पत्र जारी किया गया, उसमें लिखा कि श्रीकुमार, बैठक में मौजूद नहीं थे, हालांकि फाइनल निर्णय को लेकर उनकी सहमति ली गई है।

**दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं**

शिव गोपाल मिश्रा ने अपने पत्र में लिखा, भारत सरकार, मौजूदा पेंशन सिस्टम के रिव्यू पर काम कर रही है। अभी वह काम पूरा नहीं हो सका है। सरकार के प्रतिनिधियों ने उस काम को पूरा करने के लिए कुछ और समय मांगा है। ऐसे में सरकार को कुछ समय दे दिया गया।

# उतरांव पुलिस ने लगभग 80 लाख के अफीम की खेती को किया नष्ट

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** उतरांव के रेहथु में पुलिस भारी मात्रा में अफीम बरामद किया है। उतरांव थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अस्सी लाख रुपये के अफीम की खेती नष्ट किया। बताया जा रहा है कि इस धंधे में शामिल किसान मौके से फरार हो गया। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उतरांव थाने के रेहथु गांव में संत लाल पुत्र बिहारी ने अफीम की खेती की थी। जिसकी जानकारी गुप्त सूचना के आधार पर मिली। उन्होंने बड़े अधिकारियों को सूचित करते हुए टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस ने बड़े पैमाने पर खेत में लगाए गए अफीम के पौधे को बरामद किया। इसकी कीमत लगभग अस्सी लाख बताई बताई जा रही है।पुलिस ने धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने अवैध अफीम पोस्ता के 1200 पौधे, पोस्ता के फल 1300,अवैध अफीम पोस्ता के पौधा व फल ढोढ़ का कुल वजन 71 किलो 500 ग्राम बताया है। पुलिस ने अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख बताई है। बारामदगी की टीम में मुख्य रूप से सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया, पंकज लवानिया, तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा, आबकारी निरीक्षक पारुल चौधरी, थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, उप निरीक्षक अनिकेत सिंह, महेश चंद निषाद, लेखपाल वंदना, सिपाही राजेश यादव, धनजी यादव, अनीश कुमार, राजीव कुमार, प्रियंका राजभर रही।

## चाय- पान की दुकानों पर बन-बिगड़ रही सरकारे

**मांडा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की बिगुल बजने के बाद मतदाताओं व छोट भैया नेता के बीच चाय पान की दुकानों पर जीत- हार का दौर जारी हो गया है। 19 अप्रैल से प्रथम चरण का मतदान के साथ कुल सात चरणों में हों रहे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है । वही समर्थकों की चाय की चुस्की और पान घुलाए हार -जीत ऐसे ऐसे तय कर रहा है जैसे ईवीएम में पड़े वोटों को उन्होंने अपने त्रिनेत्र से देख लिया हो।बाजारों से लेकर गांव की चाय पान की दुकानों पर केवल सिर्फ चुनावी चर्चा शुरू हो गई है और सभी छोटे भाइयों नेताओं को सारी जानकारी गपशप से मिल रही है हर कोई अपने पसंद के प्रत्याशी की जीत तय कर रहा है। कोई मोदी की आंधी की तो कोई इण्डिया गठबंधन का गुणगान कर जीतने की बात कह रहे है। चाहे मेजा में दाऊ व बबलू की चाय की दुकान हो या फिर पप्पू लल्लन मिठाई वाले की दुकान हो सोमवार को भट्ठी से कहीं ज्यादा चुनाव तपना शुरू है। जहाँ कि यह चर्चा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से ही अनवरत जारी हो गया है। वही ब्लाकों में ग्राम प्रधानो द्वारा भुगतान को लेकर लगाए जा रहे तालो पर चर्चा करते हुए ठहाका लगा रहे हैं। और तरह तरह की चचाएँ फैली हुई है।

# रोजगार के नाम पर ठगी का शिकार हुई सैकड़ों महिलाएं

## गुरु महाराज प्राइवेट लिमिटेड के संचालक के खिलाफ महिलाओं ने उपजिलाधिकारी से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज मोती की माला बनाने के नाम पर रोजगार देने के नाम पर सैकड़ो महिलाओ के साथ ठगी की गई , तीन-तीन हजार रुपया महिलाओ से वसूल कर?? बंद हुई कंपनी, महिलाओ ने थाने का किया घेराव सैकड़ों से अधिक संख्या में महिलाओ द्वारा प्रभारी अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि करछना थाना के भटेरवा निवासी महेंद्र पटेल व उसकी पत्नी खुशबू पटेल द्वारा गुरु महाराज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी का संचालन करते थे।जिनके द्वारा गांव की महिलाओ व युवतियों को रोजगार देने के नाम पर सदस्यता शुल्क के रूप में तीन हजार रुपया जमा करवाया गया।जिन्हें सफेद मोती देकर माला बनाने के लिए दिया गया।और माला बनाकर देने पर पांच सौ रुपया देने को कहा गया।जिन्हें एक बार माला बनाकर देने के बाद कंपनी के खोले गये जगह जगह पांच से अधिक कार्यालय को बंदकर दिया गया।महिलाओ व युवतियों द्वारा कार्यालय बंद होने पर महेंद्र पटेल के घर पहुँची तो परिजनों ने न होने की बात बताया।जिस पर अपने को ठगा महसूस होने पर महिलाओ ने महेंद्र पटेल के घर पर रखी आधा दर्जन से अधिक इलेक्ट्रिक स्कूटी उठाकर साथ ले गयी।साथ ही परिजनों से कहा कि हम सभी का जमा पैसा वापस करने के पश्चात स्कूटी वापस कर दिया जायेगा।जिसे लेकर थाने पहुँची साधना व निशा पटेल समेत महिलाओ ने आरोप लगाया है कि करछना थाने के प्रभारी निरीक्षक व हल्का इंचार्ज द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया जिससे आहत महिलाओ ने एसडीएम जागृति अवस्थी से शिकायत किया जिस पर एसडीएम ने कारवाई के लिए आश्वासन दिया, तथा पीड़ित महिलाओं ने भारतीय किसान यूनियन (किसान) महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष मंजू राज आदिवासी से आप बीती बताया तो उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से फोन से वातार्कार महिलाओ को सम्मान देने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की अन्यथा महिलाओ के समर्थन में आर पार की लड़ाई लड़ने की बात कहा है।



# पुलिस और आबकारी टीम ने मारा छापा शराब बनाने का लहन बरामद

**कोरांव।** थाना स्थानीय के ग्राम महुली, वंशीपुर व अल्हवा में आबकारी व पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा नाजायज देशी कच्ची शराब की चेकिंग किया गया जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारतीय के अनुसार आबकारी निरीक्षक आयुष राय व आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव मय हमराह तथा उपनिरीक्षक मनोज सिंह मय उपनिरीक्षक अनुज राय मय हमराह हे0का0 ओमप्रकाश, का0 ललित, का0 रमेश यादव, का0 कपिल देव, का0 विकास, म0का0 नूतन भारतीय के द्वारा ग्राम वंशीपुर में गेंहू के खेत से 80 किलोग्राम लहन व अन्य उपकरण बरामद किया गया जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक में की चुनाव को लेकर चर्चा




**सिरसा।** प्रयागराज यमुनापार विधानसभा मेजा क्षेत्र के मेजारोड़ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा मण्डल अध्यक्षों व पदाधिकारियों की एक बैठक किया गया। जिसमे मुख्य वक्तता अजितेश कुमार जयसवाल (ओबीसी मोर्चा प्रभारी) ने अपने उदबोधन में कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के बिंग हैं। जिससे इस वर्ग के लोगो के बीच जाकर उनके सुख दुख में शामिल होकर उनके समस्याओं के समाधान करने का प्रयत्न करें। साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से लोगो को जागरूक किया जाय और योजनाओं को घर-घर पहुँचवाने का कार्य किया जाय। भाजपा के पिछड़े मोर्चे के जिलाउपाध्यक्ष आशीष सिंह पटेल ने कहा कि पिछड़ा समाज अब सजग हो चुका हैं, जान चुका हैं कि उनका हित केवल भाजपा सरकार में है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा सिरसा मण्डल अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा पिछड़े वर्ग समुदाय के हित मे लिए गए निर्णय व केंद्र सरकार के कार्य व विकास की गाथा अंतिम घर व अंतिम व्यक्ति तक ले जाएगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजनाओं और विकास को चुनाव में बताया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से धनञ्जय प्रजापिता ( सोशल मीडिया प्रभारी), महेश कुमार प्रजापति (उपाध्यक्ष), रोहित कुमार शर्मा (उपाध्यक्ष), रोहित पटेल (कोषाध्यक्ष), मुकेश शर्मा मण्डल अध्यक्ष उरुवा, लाल चंद्र बिन्द मण्डल अध्यक्ष मांडा, आशीष पाल मण्डल अध्यक्ष मेजा, रामानन्द पटेल मण्डल अध्यक्ष दिघीय व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दरोगा प्रशिक्षण एक वर्ष पूर्ण करने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत हुए रोशन सिंह



**कोराव।** सीतापुर पीटीएस क्वार्टर गार्ड परेड ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एटीएस प्रमुख रामकृष्ण स्वर्णकार ने परेड ग्राउंड में प्रशिक्षित दरोगा रोशन सिंह को सम्मानित किया 2021 बैच के चयनित दरोगा रोशन सिंह एक साल के प्रशिक्षण के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित हुए पूरे कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद से सीतापुर पी टी एस परेड ग्राउंड को संबोधित किया इस दौरान रोशन सिंह के माता-पिता अजय सिंह व माला सिंह ने भी बेटे के वर्दी पे स्टार लगाकर गौरवान्वित हुए पिछले दो दशक से अजय सिंह जौनपुर से आकर कोराँव नगर में रहकर बिजनेस करते हैं जिस पर एडवोकेट प्रेम शंकर सिंह नागेंद्र प्रताप सिंह धर्मराज सिंह मुन्ना सिंह ज्योति प्रकाश सिंह उर्फ बाबा आदि लोगों ने खुशी जाहिर की है।

# एसडीएम मेजा से नाराज वकीलों ने तीसरे दिन भी किया भारी हंगामा जारी रखा तालाबंदी

## चुनाव के पूर्व एसडीएम को नहीं हटाया तो अधिवक्ता करेंगे चुनाव का बहिष्कार : महेंद्र द्विवेदी



**मेजा।** एसडीएम मेजा की कार्यशैली से नाराज मेजा बार के अधिवक्ताओं ने तीसरे दिन भी भारी हंगामा एवं बवाल बाजी करते हुए सभी कार्यालयों में तालाबंदी कर कामकाज ठप कर एसडीएम को तहसील परिसर से भागने को विवश कर दिया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को एसडीएम मेजा जयजीत कौर और तहसीलदार मेजा प्रभात पांडेय ने को कोर्ट चलाने का जैसे ही प्रयास किया आक्रोशित वकीलों ने वरिष्ठ अधिवक्ता एसपी मिश्रा के नेतृत्व में मेजा एसडीएम हाय - हाय के नारे लगाते हुए कोर्ट को बंद करा दिया। एसडीएम कार्यालय के बाहर घंटों एसडीएम मेजा वापस जाओ, एसडीएम मेजा हाय - हाय का हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। इस दौरान सभी दफ्तरों में तालाबंदी करते हुए रजिस्ट्री दफ्तर को भी बंद करा दिया गया। जबकि चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए निर्वाचन कार्यालय को बंद नहीं कराया गया। सामान्य कामकाज जारी रहा। मामला बढ़ता हुआ देख पुलिस को भी बुलाया गया थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में शांति व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रही। बार के अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी ने कहा कि जब तक एसडीएम को हटाया नहीं जायेगा, कोर्ट नहीं चलने दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि चुनाव तक नहीं हटाया गया तो वकील चुनाव का बहिष्कार भी करेंगे। बता दें कि गत शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में भी एसडीएम की कार्यशैली से नाराज वकीलों ने हंगामा कर तालाबंदी किया था। इस मौके पर अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी,एसपी मिश्रा,इंद्रदेव मिश्र, योगेंद्र नारायण शर्मा, कमलेश मिश्र, सतीश चंद्र दुबे सहित बार मेजा के अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कलश व शोभा यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री राम कथा कबरा में




**करछना।** क्षेत्र के कबरा गांव में अखिल भारतीय प्रेम मानस प्रचार समिति की ओर से संगीतमय पांच दिवसीय श्री राम कथा भव्य कलश व शोभा यात्रा के साथ सोमवार से शुरू हुआ। कथा व्यास मानव सम्राट पं धनंजय द्विवेदी व पं बरमदीन तिवारी ने बताया कि किसी भी विशेष याज्ञिक कर्मों में कलश यात्रा से ही शुभारंभ होता है। ऐसा विद्वानों का मानना है कि कलश यात्रा में सम्मिलित होने वाले भक्तों को हर पग- पद पर अनेक अश्वमेध यज्ञ के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है। उन्होंने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कथा श्रवण पर विशेष बल दिया । और कहा कि कथा मानव की सारी व्यथा को दूर कर देती है। संगीत मर्मज्ञ जय भारत चतुर्वेदी व आकाशवाणी कलाकार रवीमोहन पांडेय ने अपने संगीत से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया । समिति के संरक्षक चंद्रकांत तिवारी की ओर से श्री राम का पूजन अर्चन किया गया । वहीं राज नारायण मिश्र, शिवाकांत पांडेय ,मुन्नीलाल वैश्य ,अशोक मिश्र, संजय मिश्र आदि की ओर से कथा व्यास का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया। समिति के अध्यक्ष धवल प्रकाश तिवारी व संयोजक एडवोकेट प्रकाश चंद्र पांडेय तथा प्रबंधक एडवोकेट विद्याधर मिश्र की ओर से सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया। संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी ने किया। इस मौके पर ज्ञानचंद्र केसरवानी, राम सजीवन यादव, रमाशंकर , बाणेश्वर पांडेय, अशर्फीलाल प्रजापति ,राधे वैश्य, सोनू मिश्र ,महेश पांडेय आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

## कथा के आखिरी दिन श्री कृष्ण और सुदामा की निकाली मनमोहक झांकी



**करछना।** महोरी गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में कथा सुनने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। कथा व्यास पं अवध नारायण त्रिपाठी ने कथा के आखिरी दिन सोमवार को श्री कृष्ण व सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुना कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया । और कलाकारों की ओर से श्री कृष्ण व सुदामा की मनमोहक झांकी भी निकाली गई। इसके पूर्व उन्होंने राजा नृग की कथा सुनाकर कथा को विश्राम दिया। कथा के मुख्य श्रोता यजमान हौसला प्रसाद तिवारी व पदमा देवी की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया । वहीं सायंकालीन मे भागवत भगवान की आरती हुई। कथा के आयोजक विमलेश कुमार तिवारी व संयोजक एडवोकेट राकेश कुमार तिवारी व व्यवस्थापक एडवोकेट बृजेश कुमार तिवारी की ओर से सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी , भाजपा यमुना पार के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व सदस्य जिला पंचायत त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, ओम शंकर पांडेय पिंटू, आशीष विश्वकर्मा , आशु पांडेय , महेंद्र कुमार मिश्र, आशीष पांडेय , बड़े लाल तिवारी, प्रकाश तिवारी, भोला तिवारी, आशुतोष तिवारी, संतोष, रुचि, गगन, शिवांश आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका के पैनल अधिवक्ता बने आनंद



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के नहवाई गांव निवासी डॉक्टर आनंद चौबे को नगर पालिका परिषद गोपीगंज तथा नगर पंचायत ज्ञानपुर भदोही का पैनल अधिवक्ता अधिशाषी अधिकारी द्वारा नियुक्त किया गया है। आनंद को पैनल अधिवक्ता बनाए जाने पर चंद्रमणि द्विवेदी, कमलेश मिश्र, राम मिश्रा, राकेश उपाध्याय, महेंद्र तिवारी, ओमशंकर मिश्रा, मुकेश उपाध्याय, राजेश विश्वकर्मा, अखिलेश मिश्र आदि ने खुशी जताई है।

# न्यूज झरोखा

## बभनियांव जंघई निवासी 24 वर्षीय हरि प्रताप सिंह ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट हेतु मदद मांगी



**जंघई।** हरिप्रताप सिंह पुत्र तिलकधारी सिंह बभनियांव जंघई गांव के निवासी हैं जिनकी उम्र 24 वर्ष है, इनका बोन मैरो ट्रांसप्लांट होना है, अभी इलाज संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस लखनऊ से चल रहा है। अप्लास्टिक एनीमिया नामक बीमारी है, जिसमें बोरो मैरो ट्रांसप्लांट होना है जिसमें डाक्टर ने लगभग 15 लाख रुपए खर्च बताया है। प्रधानमंत्री राहत कोष से 3 लाख एवं मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 2 लाख सहायता राशि मिली है। इनके भाई जो पैसा कमाते हैं वह महिने में 7 बार प्लेटलेट्स चढ़वाने एवं इलाज में खर्च हो जाता है। आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर होने के कारण बोन मैरो ट्रांसप्लांट करवाने में समस्या आ रही है क्योंकि अभी 10 लाख रुपए की व्यवस्था नहीं हो पा रही है जिसके कारण पूरा परिवार, रिश्तेदार, ग्रामीण हैरान परेशान हैं। हरि प्रताप सिंह एवं परिजनों ने लोगों से अपील किया है कि मेरी मदद करें ताकि मेरा आपरेशन हो सके और मैं अपना जीवन सकुशल व्यतीत कर सकूं।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम




**सोरांव।** शिवगढ़ बाजार में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवगढ़ प्रथम का वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों की प्रस्तुतियां वार्षिकोत्सव में चारचांद लगाती दिखी। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान संजय यादव तथा विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर मार्त्यापण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया गया। छात्रा/छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवम् स्वागत गीत प्रस्तुत करके मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान किए। कार्यक्रम में स्वागत गीत, नाटक, कौवाली, देश भक्ति गीत आदि कि प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरी। इस मौके पर अध्यापिका अनामिका, इंदू,प्रज्ञा, यासमीन संग समाज सेवी शिवमूरत यादव रहे।

## राजकीय कुष्ठ संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए -राजकुमार गुप्ता




**करछना** प्रयागराज राजकीय कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ, जनपद प्रयागराज उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त के क्रम में द्विवार्षिक निर्वाचन पूर्व निर्धारित समय से सभागार कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज में डा0 प्रमोद कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चुनाव अधिकारी नामित किए गए साथ में धर्मेन्द्र कुमार अध्यक्ष ने शांति पूर्ण ढंग से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करायें जिसमें निम्न पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किए गए निम्नवत राजकुमार गुप्ताअध्यक्ष भूपेश कुमार उपाध्याय शिव कुमार मंत्री निखिल खत्री कोषाध्यक्ष हिंछ लाल -संघठन मंत्री को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए,

## डालमिया सीमेंट द्वारा संगोष्ठी का आयोजन जंघई में



**जंघई।** पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई प्रांगण में डालमिया सीमेंट कंपनी की तरफ से ग्राहकों एवं राज मिस्त्रियों के मध्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डालमिया सीमेंट कंपनी के सेल्स अधिकारी राकेश जायसवाल, अक्षय दीक्षित द्वारा उपस्थित लोगों को सीमेंट की गुणवत्ता एवं सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती एवं प्रयोग विधि के विषय में विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, गुंजन पांडेय, संजय पांडेय, अंकित पांडेय, मनोज पांडेय, कृष्णा मिश्रा, डाक्टर मिश्रा, दिनेश सिंह, रामप्रकाश पांडेय, अनुज तिवारी, डॉ मनोज, विश्वनाथ प्रजापति, सुजश दुबे, सुरेश, अजय मिस्त्री, हेमंत मंडल, डाक्टर मिस्त्री आदि रहे।

## वृद्ध को पीट पीट कर किया लहूलुहान अस्पताल में कराया गया भर्ती




**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम निवासी हकीम उद्दीन 60वर्ष पुत्र मोहम्मद अली मकान का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि सोमवार को सुबह परिवार के ही कतिपय लोगों ने मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। जिन्हें मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। देर शाम तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पति ने अपनी पत्नी और सालों पर लगाया जेवरात नगदी सहित लाखों की चोरी का आरोप मुकदमा दर्ज।

# नैनी पुलिस व एसओजी टीम ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का किया भांडाफोड़

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में नैनी की पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़ नैनी थाने की पुलिस और एसओजी टीम ने की संयुक्त कार्यवाही पांच लोगो को किया गया गिरफ्तार। लोकसभा चुनाव से पहले नैनी पुलिस और यमुना नगर टीम ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भांडाफोड़ किया है। मौके से हथियारों का बड़ा जखीरा मिला है। नैनी के कांशी राम आवास योजना के एक निष्प्रयोज्य भवन में इस फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। मौके से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में पिस्टल, रिवाल्वर, तमंचे, उपकरण एवं मशीनें बरामद की गई हैं। डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने व अपराध एवं

**नैनी के कांशी राम आवास योजना के एक निष्प्रयोज्य भवन में इस फैक्ट्री का संचालन हो रहा था**



अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस आयुक्त करछना के पर्यवेक्षण में थाना नैनी पुलिस व एसओजी टीम यमुनानगर की संयुक्त कार्यवाही के दौरान रविवार को विकास गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता निवासी ग्राम धनुहा, मामा भांजा तालाब, थाना नैनी को छिवकी टीएसएल जाने वाली रोड से शाम गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा 312 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त विकास गुप्ता से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर देर रात काशीराम आवास, एडीए कालोनी, सरपतहिया के निष्प्रयोज्य भवन में चलती हुयी अवैध असलहा फैक्ट्री पर छापा मारा गया। यहां से अतुल सोनकर उर्फ रिषु पुत्र स्व. रामनरेश सोनकर निवासी चाका दोसी का बगीया, विजय कुमार सोनकर पुत्र लालचन्द्र सोनकर निवासी लिप्टन कालोनी सब्जी मण्डी, नैनी एवं मोहम्मद फैजान पुत्र मोहम्मद फारूख निवासी चक रघुनाथ नैनी बाजार थाना नैनी को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से दो पिस्टल 32 एमएम व एक रिवाल्वर 32 एमएम व तीन तमंचा 315 बोर, एक अर्धनिर्मित तमंचा 12 बोर, दो अर्धनिर्मित तमंचा 315 बोर व शस्त्र बनाने के उपकरण, शस्त्र बनाने की सामग्री, सात नाल लोहा, व एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस 32 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक पेट्रोमेक्स बरामद किया गया।

अभियुक्त अतुल सोनकर उर्फ रिषु ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि सोमवार को अभियुक्त मोनू भारतीया पुत्र नरेश भारतीया निवासी चाका, बसंत का पुरा थाना नैनी को पुराने यमुना पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा 12 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त विकास भारतीया के विरूद्ध धारा 3/25 आयुध अधिनियम तथा अतुल सोनकर उर्फ रिषु, विजय कुमार सोनकर, मो० फैजान के विरुद्ध धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम व अभियुक्त मोनू भारतीया के विरूद्ध धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## सीबीआई अफसर बन रिटायर अधिकारी से 2.90 लाख रुपये हड़पे, खाते में ट्रांसफर करा ली रकम

**प्रयागराज।** करेली में सीबीआई अफसर बनकर एमएसएमई मंत्रालय के रिटायर अफसर टीएच फारुकी(65) से 2.90 लाख रुपये हड़प लिए गए। मनी लांड्रिंग के केस में नाम होने व गिरफ्तारी का डर दिखाकर खाते में रकम ट्रांसफर करा ली गई। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।भुक्तभोगी अफसर सहायक निदेशक ग्रेड-1 के पद से रिटायर हुए हैं। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है और एक बेटा हैदराबाद में पढ़ रहा है। वह यहां अकेले रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 11 मार्च को एक व्यक्ति ने खुद को टेलीफोन विभाग का कर्मचारी बताकर कॉल किया और कहा कि उनके आधार कार्ड से एक सिम मुंबई में लिया गया है। यह भी कहा कि यह केस चूना मट्टी थाने के उपनिरीक्षक विनय कुमार चौबे के पास है और वह उन्हें कॉल ट्रांसफर कर रहा है। इसके बाद खुद को विनय कुमार चौबे बताने वाले ने कहा कि उनके आधार पर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज है और वह अपने उच्चाधिकारी आकाश कुलहरि से बात कराने को कहते हुए कॉल ट्रांसफर कर दी।

**कालेधन का दिखाया खौफ :** इसके बाद खुद को आकाश कुलहरि व सीबीआई अधिकारी बताते हुए एक व्यक्ति ने इतना मानसिक दबाव बनाया कि उसने जैसा कहा, वह करते गए। स्काइपी कॉल पर ही आधार कार्ड व चेकबुक देख ली। इसके बाद 13 मार्च को आपको पास जो पैसा है, वह उनके बताए खाते में डाल दें ताकि जांच हो सके कि पैसा कालाधन तो नहीं है। जांच के बाद रकम तीन दिन बाद खाते में वापस आ जाएगी। ऐसा न करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस तरह से डर दिखाकर आरटीजीएस के जरिए 2.90 लाख रुपये दिल्ली फाइनेंशियल कॉरपोरेशन के पंजाब नेशनल बैंक भोपाल स्थित खाते में रकम ट्रांसफर करा ली। करेली प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच में साइबर सेल से भी मदद ली जा रही है।

# हत्या के बाद भगवतपुर चौराहे के पास फेकी गई युवक की लाश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भगवतपुर चौराहे के पास सोमवार की सुबह सड़क के किनारे खंती में खून से लथपथ लगभग 25 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। शव देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि युवक की हत्या किसी धारदार हथियार से गोदकर मौत के घाट उतारा गया है। युवक के शरीर में धारदार हथियार से गोदा गया है अत्यधिक खून बह जाने के कारण युवक की मौत हो गई है। अज्ञात युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शिनाख्त के लिए ग्रामीण और राहगीरों की भारी मात्रा में भीड़ जुटी हुई थी लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक की



हत्या करने के बाद लाश को ठिकाने लगाकर हत्यारे आसानी से कैसे फरार हो गए एयरपोर्ट थाना पुलिस को भनक तक नहीं लगी लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना हुआ है। लाश मिलने की सूचना पाकर घटनास्थल पर एयरपोर्ट थाना पुलिस पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर लिखा - पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की लाश पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद हत्यारों के तलाश में एयरपोर्ट थाना पुलिस जुट गई है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है इलाके के लोग कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। इस थाना क्षेत्र में अपराधी बेखौफ होकर अपराध करने में जरा सा संकोच नहीं कर रहे हैं। थाना पुलिस की नाकामयाबी से अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। लोगों की माने तो एयरपोर्ट थाना पुलिस रात में गस्त नही करती है। यदि रात में पुलिस का गस्त होता तो शायद युवक की जान बच गई होती।

## प्रयागराज मंडल की महिला हैंडबॉल टीम का हुआ चयन, टीम की कमान अंशिका सिंह को दी गई

**नैनी।** नैनी प्रयागराज मंडल की महिला हैंडबॉल टीम का चयन 19 से 21 मार्च तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अंबेडकर नगर अकबरपुर में आयोजित होने वाली महिला राज्य आमंत्रण हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए प्रयागराज मंडल टीम का चयन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उप जिला क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद व राम बाबू निषाद जीवन रक्षक जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में हुआ सचिन जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज कौशल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में गठित की गई ट्रायल में प्रयागराज मंडल की टीम का चयन किया गया जो इस प्रकार है अंशिका सिंह टीम कप्तान चंद पांडे विधि राव अंजलि धुरिया वैष्णवी दीक्षित सानिया शर्मा अंजली शर्मा सना रुस्तम मानसी श्रेया सिंह



ब्यूटी कुमारी रिया सिंह ममता शर्मा सभी जनपद प्रयागराज से आराध्या त्रिपाठी जनपद प्रतापगढ़ से टीम मैनेजर के रूप में कौशल कुमार दीक्षित व अतुल सिंह को नियुक्त किया गया उक्त टीम राजस्तरीय महिला आमंत्रण हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम अकबरपुर अंबेडकर नगर के लिए रवाना हो चुकी है टीम क्या अच्छे प्रदर्शन हेतु सभी ने शुभकामनाएं दी।

## न्यूज झरोखा

### फूलमंडी के समीप खंभे पर अचानक करेंट उतरने से चपेट में आयी गाय की मौत



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के फूलमंडी के समीप सोमवार को बिजली के खंभे पर अचानक करेंट उतरने से एक गाय की बिजली के खंभे से दूर पानी भरा था उसकी चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त रहा।

### अबकी बार 400 पार नारे के साथ सरकार बनाना है : संजय श्रीवास्तव



**नैनी।** नैनी मंडल किसान मोर्चा के तत्वाधान में जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नैनी मंडल में किसान मोर्चा के कार्यकताओं और पदाधिकारियों की एक अतिआवश्यक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में क्षेत्रीय पार्षद मयंक यादव ने अपने उद्बोधन में कहा की प्रत्याशी कोई भी हो हम सभी को कमल के निशान को विजयी बनाकर अबकी बार 400 पार नारे के साथ सरकार बनाना है। इसके लिए सभी लोग अपने बूथ को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्र में भ्रमण करके मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव ने मयंक यादव के विचारो से सहमत होते हुए सभी कार्यकताओं की एकजुटता पर बल दिया। बैठक में प्रमुख रूप से संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, मयंक यादव पार्षद चक भटाई, नीरज शर्मा नैनी मंडल अध्यक्ष, रोहित शर्मा जिला मंत्री किसान मोर्चा, सरदार पतविंदर सिंह, प्रदीप कुमार तिवारी, सुनील कुशवाहा, उमेश सेन, सुनील विश्वकर्मा, अवधेश निषाद, नित्यानंद मिश्रा, कृष्णमोहन गुप्ता मंडल अध्यक्ष कीडगंज, शिवकुमार गुप्ता, सुधीर प्रजापति, रमेश पटेल व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुंडा एक्ट में छात्र नेता ने सीपी कोर्ट से कराई जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम कुशवाहा के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर करने की तैयारी चल रही है। सोमवार को पुलिस कमिश्नर की कोर्ट में पेशी के दौरान छात्र नेता सत्यम ने 50-50 हजार के दो बांड जमा करने के बाद जमानत ली। गुंडा एक्ट के मामले में अगली सुनवाई के लिए 28 मार्च की तिथि मिली है। इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर ने इविवि के पूर्व छात्र नेता व महामंत्री अभिषेक सिंह माइकल के खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई करते हुए जिला बदर किया था लेकिन अभिषेक पुराने मुकदमे में जमानत निरस्त कराकर जेल चला गया। पुलिस रिकार्ड में सत्यम कुशवाहा के खिलाफ 31 मुकदमा दर्ज है। उसके आपराधिक इतिहास के कारण इलाहाबाद विश्वविद्यालय और उसके आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। इसी को आधार बनाकर कर्नलगंज थाने की रिपोर्ट पर कमिश्नर रमित शर्मा ने सत्यम कुशवाहा के खिलाफ गुंडा एक्ट की नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने सत्यम को अपना पक्ष रखने का समय दिया है। सोमवार को कोर्ट से जमानत कराने के लिए सत्यम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहर बाद वह जमानतदार एकत्र कर सका। इस दौरान उसने मीडिया से कहा कि इविवि प्रशासन के दबाव में एकतरफा कार्रवाई की जा रही है।

### ढाई किलो नशीला पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के नंदन तालाब के समीप पुलिस ने दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद करते हुए सोमवार को चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के नंदन तालाब के समीप पुलिस को जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि दो नशे के सौदागर चित्रकूट जिले के बरगढ़ निवासी राजेश तिवारी पुत्र राम सेवक तिवारी और दक्षिणी लोकपुर निवासी इरशाद अली पुत्र अफसर अली नशीले पदार्थ की बिक्री के लिए वहां पर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस उस स्थान पर पहुंची और दोनों को घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। जहां दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार को चालान कर दिए।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के एडीए कॉलोनी निवासी सुजीत मिश्रा पुत्र अश्वनी मिश्रा शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल में एक मरीज को बाइक द्वारा देखने आए हुए थे। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चले गए। वापस लौटे तो बाइक गायब मिली। सीसीटीवी फुटेज में बाइक चोर की करतूत कैद मिली। भुक्तभोगी ने पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर दी है।

## ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म किया। उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। जानकारी पर मां ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।कटरा में रहने वाली छात्रा 15 वर्ष की है। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि उसकी गली में ही सिद्धांत मिश्रा निवासी कटरहिया बाजार, रायबरेली किराये पर कमरा लेकर रहता है और तैयारी करता है। वह उनकी बेटी को ट्यूशन भी पढ़ाता था। आरोप है कि उसने एक दिन दुष्कर्म किया और फिर आए दिन ऐसा करने लगा। अश्लील वीडियो भी बना लिया। पांच जनवरी को शाम सात बजे उसने फोन कर बेटी को बुलाया। उसने मना किया तो वीडियो वायरल करने की धमकी दी छात्रा डर गई । एक दिन छात्रा की छोटी बहन ने शिक्षक को अश्लील हरकत करते देख लिया। घर आकर उसने सारी बात बताई तो परिवार वाले स्तब्ध रह गए। विरोध करने पर आरोपी ने धमकाया। कहा कि शिकायत की तो जान से मार दी जाओगी। कर्नलगंज थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म जान से मारने को धमकाया

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का भी मामला सामने आया है। नैनी निवासी युवती 28 वर्षीय युवती का आरोप है कि ऑनलाइन उसकी जान पहचान अभिषेक द्विवेदी निवासी सिंगरौली मप्र से हुई। इसके बाद वह शहर आकर मिलने लगा और मम्फोर्डगंज में अपने फुफेरे भाई के कमरे में ले जाकर घंटों बात करता। सितंबर 2020 में नशीली चाय पिलाकर दुष्कर्म किया। विरोध पर शादी का वादा किया। इसके बाद कई बार दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर गर्भपात भी करा दिया। इसके बाद शादी के लिए कहने पर इन्कार कर दिया। 25 फरवरी को कहा कि कहीं और शादी कर लो, इसका खर्च वह देगा। ज्यादा दबाव बनाने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी का भाई व पिता भी धमकी दे रहे हैं। कर्नलगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

# प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को इंडियन प्राइड अवार्ड 2024 सम्मान

**कोराव।** भारती विद्यापीठ विश्व विद्यालय दिल्ली में जी-एसआईएल एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा आयोजित इंडियन लेजेंड अवार्ड्स 2024 का 9वां सफल और प्रतिष्ठित कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल इस अवसर पर सेलिब्रिटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दुनिया भर से 250 से अधिक लोग उपस्थित थे ! विश्व की 60 प्रभावशाली हस्तियों को इंडियन प्राइड अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया ' सेलेब्रिटी मुख्यअतिथि प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल द्वारा दुनिया की प्रभावशाली हस्तियों में शामिल प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को **Best Numerologist of the year** के लिए. इंडियन प्राइड अवार्ड 2024 सम्मानित किया गया। प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को आध्यात्मिक जगत में आकांक्षा गायत्री के नाम से जाना जाता है। आकांक्षा को अब तक 40 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चूका है। आकांक्षा एक आध्यात्मिक मार्गदर्शिका साथ साथ मास्टर टैरो कार्ड

**दुनिया की 60 प्रभावशाली हस्तियों में शामिल आकांक्षा को अमीषा पटेल ने सम्मानित किया**




रीडर, रेकी ग्रैंड मास्टर, क्रिस्टल हीलर नुमेरोलॉजिस्ट, एंजेल थैरेपिस्ट, कैंडल हीलर, मोटिवेशनल स्पीकर, मैडिटेशन कोच , लाइफ कोच कॉउंसलर ,एनएलपी कोच के साथ साथ क्रिस्टल इंटरप्रेन्योर भी है। अब तक हजारों लोगों के जीवन को नई दिशा दे चुकी आकांक्षा के जीवन का लक्ष्य यही है कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति बड़ी से बड़ी समस्या आने पर निराश और हताश न हो। समारोह के सम्मानित अतिथियों सुरेंद्र पंवार विधायक सोनीपत, शशि कांत कौशिक प्रसिद्ध उधोगपति व राजनीतिज्ञ, एवं अखिल राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज जी द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। बॉलीवुड गायक अशोक मस्ती, प्रसिद्ध गायक एमडी देसी रॉकस्टार, 52 गज का दामन फेम गायिका रेणुका पंवार, इंडियन आइडल फेम मोहित चोपड़ा, अभिनेता अजय हुडा, बॉलीवुड गायक एम.एस निजामी ब्रदर्स, हरियाणवी गायक सुशील मस्ताना, गायक अक्की स्टार, अभिनेत्री कनिष्का, अभिनेत्री शिवानी शर्मा, उपाली प्रकाश छाबड़ा, गायक सागर कथा, मशहूर हरियाणवी गायक विकास कुमार और मशहूर हरियाणवी गायक हरजीत दीवाना ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विशिष्ट अतिथियों में मेजर जनरल सेवानिवृत्त प्रमोद कुमार सहगल, पद्मश्री जीतेंद्र सिंह शंटी, योगी प्रियव्रत अनिमेष, महंत केएल शर्मा, डॉ. संदीप मारवाह और प्रोफेसर एम.एन होडा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। कार्यक्रम के दौरान जी-एस.आई.एल एजुकेशनल सोसाइटी की एक मानवीय पहल नेकी की राह पर प्रकाश डाला गया, जिसमें पिछले 9 वर्षों से कम विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के उनके प्रयासों को प्रदर्शित किया गया। इस पहल को संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिली है और अपने सराहनीय कार्य के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। अध्यक्ष डॉ. डॉ. गौरव शर्मा ने बहुत विनम्रता से भारती विद्यापीठ विश्वविद्यालय के प्रबंधन को उनके सर्वोत्तम आतिथ्य देने के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

# रानी रेवती देवी में प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा हेतु छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ उमड़ी

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित हुई प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा में छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ उमड़ी। विद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने बताया कि आगामी सत्र में विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए हुए 1261 छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा में भाग लिया ' बड़ी संख्या में आए हुए छात्र-छात्राओं का स्वागत प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं छात्र संसद के पदाधिकारियों एवं कन्या भारती की बहनों ने तिलक, पुष्पवर्षा एवं मंत्रोच्चार कर के किया ' इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को छोड़ने आए अभिभावकों के लिए एक



भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं वीडियो के माध्यम से विद्यालय की वर्ष भर की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों को दिखाया गया ' विद्यालय की छात्राओं अनुष्का पांडे, आस्था पांडे एवं आराधना मिश्रा ने अपने भजनों राम का गुणगान करिए₹, ₹जन्मे राम रघुरइया₹ एवं ₹कौशल्या दशरथ के नंदन₹ तथा विप्रा केसरवानी ने अपने नृत्य ₹श्री रामचंद्र कृपाल भजमन₹ से आए हुए समस्त अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ' सभी कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र वासुदेव पांडे ने अपने तबला वादन से चार चांद लगा दिया ' कार्यक्रम की कड़ी में शशांक जायसवाल, कार्तिकेय मिश्रा, पल्लवी पांडे एवं आराधना मिश्रा ने हिंदी, अंग्रेजी एवं देववाणी संस्कृत में विद्यालय की उपलब्धियों का बहुत ही सुंदर वर्णन किया,इसी क्रम में विद्यालय के छात्र निखिल ठाकुर प्रसाद एवं यश सोनी ने आर्टिस्टिक योग करके चकित कर दिया ' इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने कहा कि यह विद्यालय संस्कार युक्त शिक्षा के साथ-साथ अत्याधुनिक शिक्षा देने वाला एक उत्कृष्ट संस्थान है, साथ ही साथ उन्होंने बताया कि परीक्षा का परिणाम 18 मार्च को घोषित किया जाएगा ' इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावक बालेंदु पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए ' कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश कुमार शुक्ला एवं सत्य प्रकाश पांडे ने किया।

## साइबर अपराध से बचाव की जानकारी छात्रों को दी गई

**नैनी।** नैनी सोमवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय सोमवार को रसायन विज्ञान विभाग एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। साइबर सेल प्रयागराज से आए जय प्रकाश सिंह, अरुण और ईशान ने छात्रों को वर्तमान में साइबर अपराध घटनाओं के क्षेत्र, उसके कारणों व उससे बचने के उपाय को ऑडियो विजुअल रूप में प्रस्तुत कर साइबर अपराध के प्रति जागसूक किया। प्राचार्य ओम प्रकाश ने उपायों को अपनाकर समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ. पूनम शुक्ला व डॉ. सुरेश कुमार प्टेल तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विपिन कुमार ने दिया।

# यूपी एसटीएफ की हिरासत में प्रतापगढ़ के अधेड़ की हुई मौत

## एनडीपीएस मामले में वांछित था मृतक, दो महिला पुलिस समेत कुछ अज्ञात पर दर्ज हुआ हत्या का केस

**अखंड भारत संदेश**

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** रविवार की शाम यूपी एसटीएफ की हिरासत में एक अधेड़ की मौत हो गई। एसटीएफ ने मृतक के शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की बेटी की तहरीर पर दो महिला सिपाही समेत कुछ अज्ञात लोगो पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखहरा गांव निवासी मृतक अजय सिंह (48) पुत्र राजनाथ सिंह की बेटी जानवी सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की रविवार को दोपहर बाद लगभग 3 बजे उसके पिता घर में सो रहे थे।दो महिला पुलिस के साथ कुछ अज्ञात



मृतक की बेटी से पूछताछ करती पुलिस।

लोग दीवार कूद कर मेरे घर में दाखिल हो गए।जब तक कोई कुछ समझ पाते की उक्त लोगो ने मारते-पीटते हुए मेरे पिता को घर से बाहर ले गए और बाहर खड़ी गाड़ी में बैठा लिया। मैं बार-बार कहती रही की पापा की तबियत खराब है और यह दवा और रिपोर्ट है उन्हे मत ले जाओ, लेकिन फिर भी वह लोग नही माने और लेकर चले गए। रविवार को देर शाम लगभग 6:34 पर मेरे बड़े पापा के मोबाइल पर दिनेश मिश्र का फोन आया कि आपके चचेरे भाई की मौत हो गई है। जानवी ने अपने शिकायती पत्र में पापा की मौत की वजह पुलिस की प्रताड़ना से होने का भी आरोप लगाया है। सांगीपुर पुलिस मृतक की बेटी की तहरी के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। उधर पुलिस ने एहतियातन पीएसी बल के साथ ही दो थाने की पुलिस को गांव में तैनात कर दिया है। फिलहाल गांव में शांति का माहौल देखा गया। वहीं पुलिस की मानें तो मृतक के विरुद्ध लखनऊ के गोमती नगर थाने में एनडीपीएस का मामला दर्ज था, जिसमे उक्त मृतक वांछित चल रहा था।


न्यू एंजिल्स स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

## सीबीएसई इंटर इकोनामिक्स की परीक्षा में 1000 परीक्षार्थी रहे उपस्थित, जिले के सात परीक्षा केन्द्रों पर हुई परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई कक्षा 12वीं इकोनामिक्स का पेपर सुबह 10:30 बजे जिले के सात परीक्षा केंद्रों क्रमशः न्यू एंजिल्स सी से स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज और पंडित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल में हुई। इस परीक्षा में प्रतापगढ़ के 37 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लगभग 1000 परीक्षार्थी शामिल हुए।

सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर तथा न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्रों को परीक्षा के लिए अपने सीबीएसई एडमिट कार्ड 2024 और स्टेशनरी आइटम लेकर जाना था और एग्जाम सेंटर पर छात्रों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले पहुंचना था। सीबीएसई कक्षा 12वीं इकोनॉमिक्स का पेपर तीन घंटे का था। यह पेपर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित किया गया। सीबीएसई कक्षा 12वीं इकोनॉमिक्स का पेपर कुल 100 अंकों का था, जिसमें 80 अंक का थ्योरी पेपर और 20 अंक का प्रोजेक्ट वर्क शामिल है. परीक्षा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी दोनों था। इकोनॉमिक्स क्यूश्चन पेपर में दो सेक्शन थे। सेक्शन ए में मैक्रो इकोनॉमिक्स और सेक्शन बी में इंडियन इकोनॉमिक्स डेवलपमेंट से प्रश्न पूछे गए थे। सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2024 में पास होने के लिए स्टूडेंट को हर विषय में कम से कम 33 प्रतिशत मार्क्स हासिल करने होंगे। .न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयर पर्सन डॉक्टर शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 वीं की परीक्षा 13 मार्च को समाप्त हो गई और कक्षा 12 वीं की परीक्षा 2 अप्रैल को समाप्त हो जायेगी। सीबीएसई कक्षा 12 वीं की अगली परीक्षा जीव विज्ञान की 19 मार्च को होगी।

# डीएम व एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर जिले के डीएम व एसपी ने सोमवार को विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के सुन्दरपुर तथा हण्डौर बूथ का औचक निरीक्षण किया। डीएम संजीव रंजन तथा एसपी सतपाल अंतिल ने इन बूथों के निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुचारू मतदान के बिंदुओं पर एक एक कर पैनी नजर डाली। जिलाधिकारी संजीव रंजन तथा एसपी सतपाल ने बूथों पर निरीक्षण के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने की बात कही। डीएम तथा एसपी ने सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ प्रबुद्धवर्ग से मतदाता जागरूकता अभियान को भी प्रभावी बनाए जाने को कहा। डीएम संजीव रंजन ने कहा कि प्रत्येक दशा में लोकसभा चुनाव पारदर्शी होंगे। वही एसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि पुलिस प्रत्येक गांव में संदिग्धों की गतिविधियों पर कडी नजर बनाए हुए है। चुनाव में शांति व्यवस्था पर कहीं से भी शिकायत मिली तो जांच कराकर दोषी पाये जाने वाले आरोपी की खैर न होगी। एसपी ने मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के बाबत निर्धारित बिंदुओं की पड़ताल की। वही डीएम ने मतदान केन्द्रों पर प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं की सुविधाओं तथा महिला वोटर को मिलने वाली सुविधाओं के बाबत मातहतो को कड़े निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विधानसभा विश्वनाथगंज के नामित सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम तनवीर अहमद मौजूद रहे।

## रेंडीगारापुर पट्टी मार्ग की लखनऊ से आई टीम ने की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी से रेडीगारापुर तक जाने वाली सड़क बनकर तैयार हो गई है। इस सड़क की जांच करने के लिए सोमवार को लखनऊ से एक टीम आई हुई थी। जो सड़क को खोद कर निर्माण की गुणवत्ता की जांच करती हुई नजर आई। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता मनीष केसरवानी अपनी टीम लेकर तीन किलोमीटर के दायरे में तीन स्थानों पर जांच करने की बात बताई। इस दौरान उनके साथ स्टेट क्वालिटी मॉनिटर मंसाराम शुक्ला मौजूद रहे। सहायक अभियंता मनीष केसरवानी ने बताया मौके पर गुणवत्ता की जांच तो की जा ही रही है साथ ही इसके कुछ तत्वों की जांच लैब से की जाती है। उसके लिए भी नमूना संग्रहित किया जा रहा है। जांच के एक सप्ताह के अंदर इस सड़क की गुणवत्ता की रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी।

## बीमा पलिसी की मौत होने पर नामिनी को मिला चेक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील के भारतीय स्टेट बैंक परियावां के ब्रांच मैनेजर अमरदीप ने सोमवार को क्षेत्र के जनवामऊ निवासी राजीव सिंह की पत्नी वंदना सिंह को बैंक बुलाकर दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया। ब्रांच मैनेजर अमर दीप ने बताया कि बैंक के खाताधारक राजीव सिंह जनवामऊ निवासी ने बैंक बीमा पालिसी सालाना 436 रु प्रतिवर्ष का कराया था जिनकी साल भर के अंदर मौत हो गयी जिस पर बैंक बीमा की तरफ से मृतक खाता धारक की नामिनी वंदना सिंह को बैंक ने दो लाख रुपया का चेक प्रदान किया और बताया कि बैंक खाता धारक लोग यदि इसी तरह अपने खाते का बीमा कराकर उसे चलाते रहे तो किसी खाता धारक की आकस्मिक मौत पर बैंक उसके नामिनी को पुरा क्लेम दिलाएगी मृतक की केवल एक किस्त 436 रु सालाना जमा हुई थी जो प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बैंक बीमा किया गया था।

## चार सुतली बम देशी तमंचा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना के उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह अपने हमराही के साथ वांछित अभियुक्त की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर भद्री चैराहा के पास मोटर साईकिल सवार दो अभियुक्त अंकित सरोज पुत्र राम खेलावन निवासी परेवा नारायणपुर थाना क्षेत्र निवासी के पास तलाशी के दौरान एक देशी तमंचा 12 बोर व 4 जिन्दा कारतूस 12 बोर, देवा सरोज पुत्र चन्दन सरोज निवासी बिसाहिया थाना स्थानीय को चार सुतली बम के साथ गिरफ्तार किया। उक्त बरामदगी के सम्बंध में स्थानीय थाने मे मुक़दमा संख्या 54/24 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया।

## डिग्री कालेज कालाकांकर के छात्रों का आर्मी डी कोर में हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर प्रतापगढ़ मे अध्यरत्न छात्रों का आर्मी जी डी कोर में चयन होने से शिक्षकों व छात्रों खुशी की लहर दौड़ गई। मालूम हो कि महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र सुमित कुमार, अनुराग् मौर्य, आशीष कुमार यादव, अनुज यादव का चयन सेना के जी डी कोर में हुआ है। छात्रों की इस सफलता से कालेज परिवार पूरा गदगद दिखाई दिया कालेज के सभी शिक्षकों व छात्रों ने तालिया बजाकर चयनित छात्रों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य डा० शिवम श्रीवास्तव, भूपेश प्रताप सिंह, प्रो रामकरन ,एस पी सिंह, प्रो सूर्यभान सिंह, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद आदि लोग रहे।

# संस्कार के बिना शिक्षा पूर्ण नहीं होती

## माता रानी गुरुकुलुम का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय माता रानी गुरुकुलम का वार्षिकोत्सव बच्चों के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के बच्चों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य कला के साथ सामाजिक विसंगतियों से संदर्भित कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को बड़ा संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शानदार आयोजन एवं बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों को सराहते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगी परीक्षा हौसलों की उड़ान के सफल प्रतिभागियों को मेधा सम्मान से



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा।

प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कार के बिना शिक्षा पूर्ण नहीं होती, किताबी शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का पाठ भी पढ़ाया जाना चाहिए। शिक्षक मणिकांत त्रिपाठी दुर्गेश शांडिल्य डॉक्टर मुकेश पांडे डॉक्टर पूनम मिश्रा डॉक्टर राघवेंद्र मालवीय अवध नारायण डॉक्टर शक्ति कुमार पांडे शिक्षक मोहम्मद फरहीन सहित कई वक्ताओं ने बच्चों को प्रेरित करते हुए ज्ञान के अभाव में विकास की कल्पना संभव नहीं है, ज्ञानवान व्यक्ति ही शक्तिमान होता है, प्रगति और परिश्रम एक दूसरे के पूरक हैं। इसका कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता है। जैसी तमाम बातें कहकर बच्चों को प्रेरित किया और कहा कि बच्चों के साथ हमेशा मित्रवत व्यवहार करना चाहिए, प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बच्चों पर क्रोध न करना योग्य शिक्षक और सफल अभिभावक की पहचान होती है । कार्यक्रम में सृजन चैरिटेबल ट्रस्ट जेठवारा के संस्थापक डॉ रामजी मिश्रा की ओर से प्रतिभावान बच्चों को मेधा सम्मान से सम्मानित किया गया। हास्य कवि अभिजीत कुमार एवं बिहारी लाल अंबर की कविताओं पर लोगों ने खूब ठहाका लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसचिव शिक्षा सुरेंद्र कुमार उपाध्याय ने किया। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ पुनीत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दीवारों पर लिखे प्रचार सामग्रियों पर नपा कर्मी कर रहे पुताई

## पूरे जनपद में होर्डिंग हटाने व दीवारों पर लिखे प्रचार सामग्री को मिटाने की हो रही कवायद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद हरकत में आया प्रशासन। होर्डिंग हटाने के बाद शहर के दीवारों पर लिखे प्रचार सामग्री को मिटाने में लगा है। आज सोमवार को रोडवेज बस स्टेशन से संत अंथोनी कालेज तक, बाबागंज, सगरा मोड़ तथा चिलबिला में नगर पालिका के कर्मचारी दीवारों पर लिखी प्रचार सामग्रियों पर पुताई करते देखे गये।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे शहर में किया जाएगा। उन्होंने



वाल राइटिंग की पुताई करते नगर पालिका कर्मी।

कहा कि जिलाधिकारी संजीव रंजन के सख्त निर्देश के चलते मुख्य सड़कों के किनारों की दीवारों व गली-कूचों की दीवारों में प्रचार सामग्री पर पुताई की जा रही है। बता दें कि जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विगत दिनों पत्रकारवार्ता में स्पष्ट किया था कि निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये हम सभी प्रयासरत हैं। इसमें सभी का सहयोग आपेक्षित है। इसी के तहत जगह-जगह फ्लैग मार्च के अलावा होर्डिंग हटाने का कार्य पूरे जनपद में किया जा रहा है।

# अमित चौरसिया बनाए गए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के विधानसभा पट्टी प्रभारी

## जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने मनोनयन पत्र देकर दिया बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विधानसभा पट्टी में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के उड़ैयाडीह मोड़ स्थित कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित हुए इस दौरान फिल्म अभिनेता एवं प्रदेश उप सचिव अतुल पांडे एवं जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने अमित चैरसिया एडवोकेट को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का पट्टी विधानसभा का प्रभारी बनाया और कहा कि अमित जी के रहने पर पार्टी को मजबूती मिलेगी, पार्टी को अमित चैरसिया जैसे तेजतर्रार कार्यकर्ताओं की जरूरत है।

इस दौरान पार्टी के नि .जिला सचिव कमलेश पांडे, ब्लॉक आसपुर देवसरा के वर्तमान अध्यक्ष उमाकांत



अमित चौरसिया को मनोनयन पत्र देते जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी।

दुबे अधिवक्ता मंच के जिला महासचिव मारूफ खान ब्लॉक अध्यक्ष पट्टी, जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह, जिला महासचिव अभय पटेल, जिला सचिव आजाद विक्रम, जिला उप सचिव रोहित सरोज, ब्लॉक बेलखरनाथ के प्रधान महासचिव राहुल गौड, जिला सचिव विपिन ब्लॉक सचिव उमेश सिंह, प्रदीप सिंह प्रिंस सिंह मयंक श्रीवास्तव राकेश विश्वकर्मा राहुल गौड चंदन सिंह, बिक्की वर्मा, आलोक गुप्ता, प्रदीप गौतम, वरिष्ठ नेता राम सजीवन तिवारी एवं हमारे निजी मीडिया प्रभारी राकेश प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण में तम्बू लगाने का दिया गया प्रशिक्षण

## एमडीपीजी कालेज में एनएसएस शिविर का हुआ उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में चल रहे रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में आज प्रशिक्षार्थियों ने तंबू लगाने एवं भोजन बनाने की कला सीखी। आज के आयोजन के मुख्य अतिथि स्काउट गाइड के सहायक कमिश्नर प्रयागराज कमलेश द्विवेदी ने रोवर्स/रेंजर्स का उत्साह वर्धन किया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। आज की प्रतियोगिता में तंबू निर्माण में राम प्रसाद बिस्मिल दल तथा रेंजर्स में रानी लक्ष्मीबाई दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। रामप्रसाद बिस्मिल दल का नेतृत्व सत्येंद्र कुमार पांडे ने एवं रानी लक्ष्मीबाई दल का नेतृत्व निधि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर प्रो उषा दुबे, डॉ सी एन पांडेय, डॉ रंजीत कुमार पटेल, डॉ मृदुल उपाध्याय, प्रशिक्षक मदन चैहान एवं शिक्षा सिंह आदि ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

उधर एमडीपीजी कॉलेज के कांफ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय एवं चतुर्थ इकाई के



प्राचार्य को बैच लगाकर सम्मानित करती छात्राएं।

विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र रहे।

मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ आज के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि यह शिविर परिवार एवं समाज से मिले संस्कारों को और परिपक्व करने तथा एकता और सहयोग से काम करने की प्रेरणा देता है। हमारी अतीत की संस्कृति रही है कि हम सब साथ चलें साथ बोलें एवं एक दूसरे की मनः स्थिति को समझें। कार्यक्रम में एनएसएस की छात्राओं एवं छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। महिला इकाई की कार्यक्रमाधिकारी डॉ रेखा मिश्रा ने स्वागत एवं पुरुष इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेंद्र मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो अरविंद मिश्र, प्रो पीके शर्मा, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो माया शंकर, प्रो गीता शुक्ला, प्रो अरुण कुमार तिवारी, डॉ सी एन पांडे, अजय मिश्र आदि ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मुजफ्फर नगर में शिक्षक की हत्या होने से आक्रोशित शिक्षकों ने किया उग्र प्रदर्शन

**बोर्ड की कापियों के मूल्यांकन का किया बहिष्कार प्रदर्शन कर लगाया जाम**

**यूपी पुलिस के सिपाही ने शिक्षक को गोली मारकर उतारा मौत के घाट**



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चौराहे पर माध्यमिक शिक्षक संघ ठकराई गुट के शिक्षकों ने मुजफ्फरनगर में शिक्षक की हत्या से आक्रोशित होकर उग्र प्रदर्शन किया भारी संख्या में शिक्षक सड़क पर उतर आए और धरना प्रदर्शन नारेबाजी करने लगे जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे सड़क पर घंटो जाम लगा रहा और दोनों तरफ वाहनों का लंबा काफिला लग गया जिससे आवागमन बाधित रहा प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने बोर्ड की कापियो के मूल्यांकन का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया है, आक्रोशित शिक्षको ने प्रयागराज से चित्रकूट मार्ग को एक घंटे से अधिक समय तक जाम कर रखा था।

प्रदर्शनकारी शिक्षको का आरोप है कि वाराणसी जनपद से उत्तर पुस्तिका के बंडल ट्रक पर लेकर अन्य जनपदों व मुजफ्फरनगर गए राजकीय हाइस्कूल महँगाव वाराणसी के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की रविवार को मुख्य आरक्षी चंद्रप्रकाश जो सुरक्षा के लिए लगाया गया था सिपाही ने नशे में बहस की और शिक्षक की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी है।जिसके लिए प्रदर्शन किया जा रहा है।शिक्षकों द्वारा जाम करने की सूचना पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह डीएम व एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। गुस्साए, शिक्षकों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की सूचना मिलने के काफी देर बाद मंझनपुर एसडीएम आकाश सिंह पहुंचे,काफी समझाने बुझाने के बाद शिक्षकों ने ज्ञापन देकर जाम खत्म कर दिया है। माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के मण्डलीय महामंत्री अजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष कौशाम्बी नृपेन्द्र कुमार सिंह तथा विनोद कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष भीष्म चन्द्र जिला महामंत्री दिनेश मिश्रा, जिला मंत्री प्रेमचन्द्र के साथ शिक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह , विपुल प्रताप सिंह, नीरज कुमार, सुधीर , गम्भीर सिंह, संगमलाल तिवारी, धर्मेन्द्र, विनय, रमाकांत, विकास, महेन्द्र, राजेश आस्थाना समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### ऑल इंडिया मजलिस ए-इत्तेहादुल मुस्लिम पार्टी से अरशद अली बने जिलाध्यक्ष

**कौशांबी।** ऑल इण्डिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रति योगदान व संघर्ष को दृष्टिगत रखते हुए अरशद अली को कौशाम्बी से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। अरशद अली को सम्पूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश में पार्टी की विचार धारा का व्यापक प्रचार – प्रसार और संपूर्ण प्रदेश से कर्मठ लोगों को पार्टी से जोड़ने की आशा व्यक्त की गई है तथा पार्टी को शक्तिशाली बनाना और पार्टी की नीतियों और सिद्धान्तों को जनमानस में फैलाना मात्र ध्येय होना चाहिए। पार्टी के प्रति अरशद अली के कार्य को देखकर पार्टी के पदाधिकारी उनसे आश्वस्त हैं कि अरशद अली कार्यकर्ताओं को विश्वास में रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगे और अपनी निष्ठा एंव परिश्रम से राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद बैरिस्टर असदउद्दीन ओवैसी राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली, इसरार अहमद के नेतृत्व में प्राप्त उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार कर ऑल इण्डिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी को शक्ति प्रदान करेंगे।

## न्यूज झरोखा

### संदिग्ध दशा में विवाहिता की फाँसी पर लटकती मिली लाश



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज क्षेत्र के कशिया पश्चिम में विवाहिता शोभा देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी विनोद कुमार साहू की लाश चुल्ले के सहारे रस्सी से लटक रही थी महिला घर पर अकेली थी परिजनों से बात करने पर कुछ कह नही पा रहे थे बताया कि महिला की मौत के बाद एक चार माह की बच्ची व दो लड़कों के सिर से माँ का साया उठ गया है सूचना मिलते ही मौके पर कोखराज पुलिस एसओ इन्द्र देव भी पहुँच गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और महिला के परिजनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### फांसी के फंदे पर विवाहिता की मिली लाश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चांदेराई मजरा पाई कोरा गांव में रविवार की शाम विवाहिता शुफला देवी उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी नरेश की लाश फांसी के फंदे पर झूल रही थी नजारा देखकर पति नरेश के होश उड़ गए वह चीख पुकार करने लगा शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया पति मेहनत मजदूरी करता है और घर के बाहर गया था घटना के वक्त घर पर उसकी तीन बेटियां व एक बेटा था बच्चे सभी बाहर खेल कूद रहे थे नरेश शाम को जब मजदूरी करके घर पहुंचा और उसने दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो पत्नी की लाश साड़ी के फंदे से लटक रही थी।

### महामाया राजकीय महाविद्यालय में निपुण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में 18 मार्च से महाविद्यालय की रोवर/रेंजर्स ईकाई का प्रवेश एवम निपुण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन सर्वप्रथम उदघाटन सत्र से प्रारम्भ हुआ शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अरविंद कुमार द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर एवम पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्यामबाबू ने प्राचार्य का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। प्रशिक्षण शिविर के आरम्भ की औपचारिक घोषणा करते हुए प्राचार्य जी ने रोवर/रेंजर्स प्रशिक्षुओं को अपने संबोधन में बताया की रोवर/रेंजर्स का उद्देश्य सेवा है। उन्होंने बताया कि रोवर अथवा रेंजर्स का मुख्य गुण है प्रत्येक परिस्थिति में देश सेवा और अपने कर्तव्य के लिए तत्पर रहना है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को स्कार्फ में लगी गांठ के महत्व को समझाते हुए कहा कि ये गांठ हर समय हमारी सेवा भाव और कर्तव्य की प्रतिज्ञा की याद दिलाने के लिए होती है। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अथिति एवम समस्त अतिथि गण का स्वागत महाविद्यालय के रेंजर प्रभारी रीता दयाल एवम रोवर प्रभारी डॉ अमित शुक्ला द्वाराकिया गया। प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक श्यामबाबू जिला संगठन कमिश्नर स्काउट, द्वारा शिविर का संचालन किया गया। धन्यवाद महाविद्यालय की रेंजर प्रभारी रीता दयाल द्वारा किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्रशिक्षण का प्रारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। प्रशिक्षुओं को प्रार्थना , झंडागीत , प्रतिज्ञा, नियम इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ०नीलम बाजपेई, डॉ०भावना केशरवानी, डॉ०रमेश चन्द्र, एवम समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### पत्नी के होते हुए भी कर रहा था मुर्गी और कुतिया के साथ कांड, भयाहू ने रंगे हाथ पकड़ा,बुला लिया 112 पुलिस

**अझुवा कौशाम्बी।** महिलाएं ही नहीं अब जानवर भी असुरक्षित हैं। कौशांबी जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में रेप का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर कोई दंग है। यहां महिला ने अपने जेठ पर पालतू कुतिया से रेप करने का आरोप लगाया है। महिला ने कड़ा धाम पुलिस को तहरीर देकर आरोपी राकेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि जब उसका जेठ अपनी हवस मिटाने के लिए जानवरो के साथ ऐसा कर सकता है तो वह किसी के साथ भी घटना को अंजाम दे सकता है। वहीं महिला की तहरीर मिलने के बाद कड़ाधाम पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। पालतू कुतिया के साथ रेप का यह मामला कड़ाधाम थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव से सामने आया है। कमालपुर गांव की रहने वाली महिला निशा देवी पत्नी परवेश के मुताबिक उसने एक कुतिया पाल रखी है। कुतिया ने तीन महीने पहले कुछ बच्चो को जन्म दिया है। जिन्हें वो दूध भी पिलाती है। 16 मार्च की रात करीब 10 बजे उसका जेठ राकेश कुमार उसकी पालतू कुतिया को रोटी दिखाकर अपने घर मे उठा ले गया। जब महिला उसके घर पहुंची तो वह दरवाजा नही खोल रहा था। फिर महिला ने मामले की सूचना यूपी–112 पर दी। सूचना के बाद डायल–112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर देखा तो कुतिया कमरे में थी। डायल–112 पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कड़ाधाम थाना पुलिस को सौंप दिया। महिला ने इस मामले की शिकायत कड़ाधाम पुलिस से की है। महिला का यह भी आरोप है कि पुलिस ने आरोपी से पैसे लेकर उसे थाने से छोड़ दिया है जिसके बाद वह घर आकर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। वहीं थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि निशा देवी नाम की एक महिला ने थाने में तहरीर दी है कि उसकी पालतू कुतिया के साथ उसके जेठ ने रेप किया है। मामले में जांच के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमिका के प्रेम जाल में फंसकर पत्नी को प्रताड़ित कर रहा युवक

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बहादुर गांव का एक युवक शादी शुदा होने के बाद भी प्रेमिका के प्रेम जाल में फंसाकर पत्नी को छोड़कर प्रेमिका के साथ किराए पर कमरा लेकर रहने लगा है। जबकि युवक अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता है और पत्नी के पास गांव आया है तो उसके साथ गाली गलौज मार पीट करके उससे जबरन कालोनी घर बनाने का पैसा एक लाख रुपया मांग ले गया साथ ही उसकी प्रेमिका भी पत्नी को फोन पर गाली गलौज करती हैं साथ ही जान से मारने की धमकी भी देती है। मिली जानकारी के मुताबिक बहादुर पुर गांव की रहने वाली पूनम देवी पत्नी चंद्रलेश ने चरवा थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी आप बीती बताई की उसका पति चंद्रलेश उसके गांव की रहने वाली एक विवाहिता के प्रेम जाल में फंसकर अपनी पत्नी को छोड़कर एक वर्ष से भरवारी में कमरा किराए पर विवाहिता प्रेमिका को लेकर रहता है और घर आकर उसके साथ मारपीट करता है। इस बार चन्द्रलेश ने पत्नी पूनम देवी के पास जाकर उसके गाली गलौज मार पीट कर के कालोनी के लिए मिले पैसे को उससे जबरन छीन ले गया। यही नहीं चंद्रलेश की प्रेमिका भी उसे फोन पर गाली गलौज देती हैं और जान से मार डालने की धमकी भी दे रही है। जिससे पूनम देवी और उसके दो छोटे बच्चे भी डरे सहमे है। हालांकि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल सुरु कर दिया और पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

### जुआ खेलते 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद में अपराधी एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तों रमेश पटेल पुत्र राम सिंह बुधराम पटेल पुत्र रोशन लाल निवासीगण बनपोकरा थाना सैनी लवकुश पुत्र राम किशोर निवास मनकापुर थाना सैनी कलाम पुत्र शफायत उर्फ कयामत निवासी व थाना सैनी जनपद कौशांबी को सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 380 रुपए तथा जामा तलाशी से 310 रुपए व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुए गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 88/24 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक अजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त दिलशाद पुत्र स्वर्गीय रफीक निवासी टेवां थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को जजौली गेट के पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 73/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला नगर पालिका भरवारी का कर्मचारी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर नगर पालिका परिषद भरवारी का एक कर्मचारी रमेश ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार युवक से 1 लाख 84 हजार रुपए की ठगी की है। कर्मचारी जब उसको नौकरी नही दिला सका तो पीड़ित ने थाने में शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। इस समय मामला न्यायालय में चल रहा है। मामला सन 2019 का महेवाघाट थाना क्षेत्र का है जहा के विजय शंकर पुत्र महेश निवासी ग्राम पोस्ट अलवारा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि वह हाईस्कूल पास है और बेरोजगार है। मेरे रिस्तेदार रमेश पुत्र इन्द्रपाल निवासी चमरुपुर थाना कोखराज द्वारा वन विभाग में नौकरी दिलाने का झाँसा दिया और अपने साथी सुभाष उर्फ सूयार्शं पुत्र रामनाथ व इनके पिता रामनाथ पुत्र विशाल निवासी पांडे मऊ का पुरवा को लेकर मेरे घर आये और अपने सीनियर साथी राकेश कुमार पुत्र रामहित निवासी पंनसौर थाना कोखराज से बात करवाया और उपरोक्त सभी लोग मिलकर मेरे मार्कसीट व अन्य कागजात लिये और 1-12-2018 को 90000 रु0 (नब्बे हजार) व 2-1-2019 को 94000 रु0 (चौरानवे हजार) लिए और फरवरी 2019 को ज्वाइनिग का वादा किये, लेकिन सुभाष व रामनाथ और रमेश राकेश कुमार न तो ज्वाइनिग दिला पाए न आज तक मेरा पैसा वापस किए। पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देते है। मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है, जिसके हाजिर नहीं होने पर जारी वारंट के तहत कोखराज थाना क्षेत्र की भरवारी चौकी पुलिस ने वारंटी रमेश को पकड़कर जेल भेज दिया है। वही इस संबंध में ईओ राम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नही है, जो जैसा करेगा वैसा ही भरेगा। विभागीय कार्यवाई के बारे में उन्होंने बताया कि रमेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। यादि कर्मचारी 24 घंटे से अधिक जेल में रहता है तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा।

## प्रिंटिंग प्रेस प्रकाशन के साथ डीएम ने की बैठक

**जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127(क) के अनुपालन के लिए समस्त व्यवस्थापक,प्रिन्टिंग प्रेस के साथ बैठक सम्पन्न**

**धारा-127(क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गम्भीरता से लिया जायेंगा-जिला निर्वाचन अधिकारी**



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127 (क) के अनुपालन के लिए जनपद के समस्त व्यवस्थापक, प्रिन्टिंग प्रेस के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त व्यवस्थापकों से कहा कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की अधिसूचना जारी कर दी गई हैं तथा आदर्श आचार संहिता लागू है। विभिन्न राजनैतिक दलों/निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा पोस्टर व पैम्फलेट आदि का मुद्रण कराया जायेंगा, इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127(क) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट व पोस्टर आदि को मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेंगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो कोई भी व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट व पोस्टर का मुद्रण तब तक नहीं करेंगा या करवायेंगा, (उप धारा-1) जब तक कि उसके प्रकाशक की पहचान की घोषणा, उसके द्वारा हस्ताक्षरित तथा 02 व्यक्तियों द्वारा जिन्हें वह व्यक्तिगत रूप से जानता हों, सत्यापित कर 02 प्रतियों में उसके द्वारा मुद्रक को नहीं दे दी जाती तथा (उप धारा-2) दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात 03 दिन के भीतर घोषणा की एक प्रति, दस्तावेज की 04 प्रतियों सहित जिला मजिस्ट्रेट को न भेंज दें। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति, जो उप धारा (1) अथवा उप धारा (2) के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है, वह 06 महीने तक कारावास अथवा जुमार्ना, जिसे 02 हजार रुपए तक बढ़ाया जा सकता हैं अथवा दोनों से दण्डनीय होगा। धारा-127(क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गम्भीरता से लिया जायेंगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड उपस्थित रहे।

## अमित सिंह नौवीं बार मनोनीत किए गए संघ के जिला संरक्षक

**आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन और निदेशालय के साथ समन्वय स्थापित करके नेतृत्व कौशल का मनवाया लोहा**



**कौशांबी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र के रायपुर गाँव निवासी वरिष्ठ पत्रकार और सोशल एक्टिविस्ट अमित कुमार सिंह को हिंद मजदूर सभा से संबद्ध महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की कौशांबी युनिट का नौवीं बार फिर से जिला संरक्षक मनोनीत किया गया है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के हक और अधिकारों के लिए अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडेय नेतृत्व में बीते दशकों से संघर्षरत महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश ने तमाम मागें पूरी करवा कर शासनादेश जारी करवाया है कार्यकत्रियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिलाने सहित दूसरी मांगों को पूरा करवाने के लिए संघ लगातार मैदान में डटा है` अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडेय ने अमित कुमार सिंह को नौवीं बार कौशांबी जिले का जिला संरक्षक मनोनीत किया गया है बीते आठ वर्षों से लगातार जिला संरक्षक पद पर रहते हुए अमित सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं से जुड़ी हुई तमाम गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन और निदेशालय के साथ समन्वय स्थापित करके अपनी अभूतपूर्व नेतृत्व कौशल का लोहा मनवाया है मूल रूप से खेती- किसानी के पेशे से जुड़े हुए अंबेडकरवादी विचारधारा के समर्थक जिला संरक्षक अमित सिंह तमाम एनजीओ के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षा असमानता जातिवाद और गैर बराबरी के खिलाफ संघर्ष के लिए जाने जाते हैं इस मुहिम में इन्हें कई बार माफिया और दबंगों के षडयंत्रों का शिकार होकर तमाम मुश्किल हालातो का सामना भी करना पड़ा है लेकिन ईमानदारी और फक्कडी. स्वभाव के साथ मैदान में हमेशा डटे रहे इन्हीं सब वजह से सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच खूब सम्मानित किया जाता रहा है। अमित सिंह को नौवीं बार जिला संरक्षक बनाए जाने पर कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष माया सिंह के साथ ही कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दिया है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिला मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली को डायट मैदान से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जनपद के मतदाता 20 मई को अवश्य मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाए-जिला निर्वाचन अधिकारी**

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित महिला मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली को डायट मैदान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली डाइट मैदान से समदा चौराहा से ओसा चौराहा होते हुए मंझनपुर चौराहा से डाइट मैदान तक निकाली गई। जनपद के मतदाताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान दिवस 20 मई 2024 को ह्लछोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान व पहले मतदान, फिर जलपान तथा चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी आदि स्लोगन के माध्यम से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता रैली का उद्देश्य है कि मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने जनपद के मतदाताओं से अपील की है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान दिवस 20 मई 2024 को अवश्य मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाए। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. सच्चिदानंद यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा तथा जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता उपस्थित रही।

## कौशाम्बी जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में दिनांक 16 मार्च से 06 जून 2024 तक धारा-144 लागू

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोंड ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी, शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है। दिनांक-24.03.2024 को होलिका दहन,25.03.2024व 26.03.2024 को होली, 29.03.2024 को गुड फ्राइडे एवं 30.03.2024 को ईस्टर सैटरडे व दिनांक-05.04.2024 को जमात-उल-विदा (अलविदा)/रमजान का अन्तिम शुक्रवार/महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयन्ती, दिनांक-11.04.2024 व 12.04.2024 को ईद-उल-फितर दिनांक-14.04.2024 को डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस व 17.04.2024 को रामनवमी/ चन्द्रशेखर जयन्ती एवं 09.05.2024 को लोकनायक महाराणा प्रताप जयन्ती, 10.05.2024 को परशुराम जयन्ती, 23.05.2024 को बुद्ध पुर्णिमा आदि पर्वा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाना है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा के उपरान्त इन आसन्न त्योहारों के चलते यह आशंका है कि ऐसे अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह-बन्द एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान पर किसी भी समय छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकते है, निर्वाचन में राजनैतिक प्रतिद्वन्दिता एवं वैमनस्ता का लाभ उठाकर चुनाव प्रक्रिया के दौरान अराजक तत्वों द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग किये जाने एवं चुनाव आचार संहिता के उलंघन की प्रबल सम्भावना है, जिससे जनपद की कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती हैं एवं सामान्य निर्वाचन निर्विघ्न तथा निष्पक्ष रूप से सम्पन्न होने में बाधा उत्पन्न हो सकती हैं। उन्हें यह समाधान हो गया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान जनपद की कानून व्यवस्था बनायें रखने, चुनाव निष्पक्ष एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने व चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने एवं अराजक तत्वों द्वारा विधि विरूद्ध किये जाने वाले समस्त कार्यों को रोका जाना आवश्यक है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुयें जन जीवन एवं लोक सम्पत्ति की हानि, हिंसा, बल्वा आदि के नियंत्रण/निवारण एवं जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र मे विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जन सुरक्षा कायम करने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा लागू किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि कोई भी राजनैतिक दल/पार्टी ऐसा काम या गतिविधि नही करेगा, जिससे जाति, धर्म, सम्प्रदाय और भाषा के आधार पर समाज में वैमनस्ता या तनाव फैले राजनैतिक पार्टियॉ दूसरी पार्टी की आलोचना केवल उनके कार्यक्रमों, नीतियां, पुराने इतिहास और काम के आधार पर ही करें। पार्टियों और उम्मीदवार दूसरी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के निजी जीवन की आलोचना नही करें और उन पर छीटाकशी न करें, बिना तथ्यों की जांच किये दूसरे पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं पर आरोप लगाने से बचा जाय। वोट मांगने के लिए जाति एवं सम्प्रदाय के आधार पर कोई अपील नही की जाय। चुनाव प्रचार के लिए मन्दिर, मस्जिद और गिरजाघर को एक मंच के तौर पर इस्तेमाल नही किया जाय। सभी पार्टियॉ चुनाव कायदे कानून के तहत भ्रष्टाचार वाली सभी गतिविधियों से अपने को बचाये, इन गतिविधियों में मतदाताओं को घूस देने, उन्हे डराने-धमकाने, मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार करना, चुनावी प्रचार का समय समाप्त होने के बाद भी चुनाव रैलियॉं करना तथा मतदाताओं को मतदान केन्द्र स्टेशन तक गाड़ी में ले जाने की व्यवस्था करना शामिल है। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

### 175 लीटर अवैध शराब के साथ 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त घनश्याम पुत्र धनपत निवासी श्यामपुर उर्फ मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक राजकुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामखेलावन पासी पुत्र स्वर्गीय रामलाल निवासी बेरुई थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिव सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी रक्सराई थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुदामा पुत्र मिठाई लाल निवासी गोविंदपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना संदीपन घाट पुलिस उप निरीक्षक मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस पाल द्वारा अभियुक्त अमर सिंह पुत्र रामहित निवासी मुजाहिद पुर थाना संदीपन घाट जनपद कौशांबी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना कोखराज उप निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता देवकी पत्नी स्वर्गीय राजेश निवासी मलिकपुर थाना कोखराज जनपद कौशांबी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मंगली सरोज पुत्र बिरजू सरोज निवासी निजामपुर नौगीरा थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक नंदू यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामू सोनकर पुत्र स्वर्गीय इंदल सोनकर निवासी सहजादपुर थाना कोखराज जनपद कौशांबी को 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना चरवा पुलिस उप निरीक्षक विपुलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शनि कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी मनौरी थाना पिपरी जनपद कौशांबी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उप निरीक्षक राकेश राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र मेंहदी निवासी बरौली थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशांबी को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

### 05 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**कौशांबी।** थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक अंशुमान मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाद संख्या 783/504 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त राम प्रकाश पुत्र गंगा प्रसाद निवासी शमशाबाद थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विदित कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया व थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 396/07 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त शंकर लाल पुत्र राम लखन निवासी असकरन पुर मगरौनी थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया इसी क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक चंद्र बली सरोज ने हमारा पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 242/02 धारा 323/ 325/ 504 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त ललाई उर्फ शिवपूजन पुत्र छोटे लाल निवासी बंधवा राजभर थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधि कार्रवाई के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया व थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक अजीत सिंह मैं हमारा पुलिस पाल द्वारा मु.अ.स. 147/07 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त भैया लाल पासी पुत्र श्रीनाथ पासी निवासी गौसपुर टिकरी थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया अभिजीत कार्रवाई के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया इसी क्रम में थाना कोखराज पुलिस उप निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह माई हमरा पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 137/19 धारा 419/420/406/506 भादवी से संबंधित वारंटी अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र इंद्रपाल निवासी चमरूपुर थाना कोखराज जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया।

## संपादक की कलम से

# आम चुनाव में अर्जुन की आंख चाहिए

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। य

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं - आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मयार्दाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी।

एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-ह्यह्यगुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?ह्नह्न आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती है। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ह्यह्यदुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो । हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं ह्यगुरुह्न की मयार्दा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं।

## धम्म-धम्म

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

जब विश्वास से श्वास दूर भागने लगे तब मंगल ग्रह पर जीवन तलाशने की बात सरासर बेईमानी होती है। कल तक जो विज्ञान के बल पर दुनिया को मुट्ठी में करने चले थे वहीं दुनिया की मुट्ठी से मुक्त होते होते रह गए। जिस देश में ताली ताली बजाकर करोना वायरस भगाने वाले नेता हों, जहाँ के वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने से पहले उसे प्रभु के चरणों में रखते हों, जहाँ के प्रोफेसर सड़क पर फेंके हुए नींबू-मिर्ची-कुमकुम-हल्दी से डरकर दूर भागते हों, जहाँ के डॉक्टर आकाश के नक्षत्रों को देखकर जन्मे शिशु का नाम रखते हों, जहाँ के अभिनेता अपने नाम की स्पेलिंग बदलकर सिनेमा हिट होने की कामना करते हों, ऐसे देश में क्षुद्र हत्याएं नहीं तो नए आविष्कार होंगे? नरबलि न होगी तो क्या नोबेल पुरस्कार मिलेंगे?

कहने को हम 21वीं सदी में हैं लेकिन अंधविश्वास बाबा आदम के जमाने का है। शरीर चाहे किसी भी युग का हो यदि मन लकीर का फकीर बन अंधविश्वासों में सुस्ताता है तो पाषाण और आधुनिक युग में वही अंतर है जो नागनाथ और सांप नाथ में है।

चिंतन मनुष्य और पशु के समान है जिसे नहीं पता कि उसका जन्म क्यों हुआ? खाओ खुजाओ बत्ती बुझाओ वाली जिंदगी जल्दी से यहां जाओ कहने पर मजबूर कर देती है। विज्ञान विषय की बदकिस्मती देखिए वह अंक प्राप्त करने और ऊंची-ऊंची नौकरी प्राप्त करने का खिलौना बन कर रह गया है। देश में विज्ञान के अध्ययनकर्ता भी अंधविश्वास की पिपड़ी बजाते हुए दिखाई देते हैं। पढ़े लिखे लोग भी अंधविश्वास के चलते अपनी संतान तक की नरबलि देने से पीछे नहीं हटते।

जो शिक्षा तर्क करना नहीं सिखाती वह कागज के टुकड़े से ज्यादा कुछ नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था तर्क करने, सोचने समझने वालों को नहीं तो तोतों को तैयार कर रही है जो सारा जीवन रटी हुई चीज की उल्टी करने में बिता देते हैं। तर्कहीन शिक्षा की डिग्री वाला रद्दी कागज पशुओं की तरह जीने के लिए नौकरी तो दिला सकता है लेकिन मनुष्य नहीं बना सकता।

पुष्पक विमान को पहला वायुयान, सीता को टेस्ट ट्यूब बेबी, गणेश को पहला प्लास्टिक सर्जरी का प्रयोग बताने वाली बातें खुद प्रधानमंत्री से मंत्री और सामान्य नेता तक कहते हों, वहां विज्ञान की बात करना सरासर बेईमानी होगी। आजादी से पहले और बाद में केवल शासकों की चमड़ी बदली है सोच तो वही की वही है। साम्राज्यवाद निजी कंपनियों का उद्धार, पूंजीपतियों का तो भला कर सकता है लेकिन समाज के दबे-कुचले लोगों को भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, कृषक आत्महत्याओं से नहीं उबार सकता। जब पूंजी मुट्ठी भर लोगों में कैद हो तो गरीबी रेखा का तांडव करना सहज बन पड़ता है।

गरीबी रेखा के नीचे जीने वाले लोग हाथ की लकीरें तो बदल सकते हैं लेकिन स्वार्थी सत्ता की लकीरें कभी नहीं बदल सकते। जब सत्ता स्वयं धर्म के नाम पर लोगों में फूट डालने लगे तब निरीह जनता की स्थिति खुली हवा में दीपक के समान है। दुर्भाग्य से यह भोले-भाले लोग जो अनपढ़ और अतार्किक शिक्षा के शिकार हैं, वे मर सकते हैं लेकिन सोच नहीं सकते।

# चुनावी दान के बदले सरकारी लाभ देने की सर्वोच्च न्यायालय की आशंका सही

**- के रवीन्द्रन**

सितंबर 2019 में, मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट भारत को एक और वरदान दिया, मौजूदा कंपनियों के लिए आधार कॉर्पोरेट कर की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया और नयी पूंजी निवेश परियोजनाएं शुरू करने वाली नयी कंपनियों के लिए इसे घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। अनुमान है कि वित्त मंत्रालय ने कंपनियों को ये रियायतें देने के लिए 1,45,000 करोड़ रुपये का भारी त्याग किया है।




चुनावी बांड खरीदने वालों और सत्ता में बैठे लाभार्थी राजनीतिक दलों के बीच धन के बदले सरकारी सुविधा देने की सबसे बुरी आशंका, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड योजना पर अपने फैसले में विस्तार से व्यक्त किया था, सच हो गई है। यह पता चला है कि कुछ सबसे बड़ी बांड खरीद के पहले मोदी सरकार की जांच एजेंसियों की जबरदस्त कार्रवाई हुई थी।

यहां तक कि दाताओं और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दलों की सूची से निकलने वाली अधूरी जानकारी भी एक जटिल जाल के अस्तित्व का संकेत देती है, जहां शक्ति की गतिशीलता और वित्तीय हित एक दूसरे से मिलते हैं। इन खुलासों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और सत्ता का प्रभाव, जबरदस्ती और निहित स्वार्थों के एक काले नेटवर्क को उजागर कर दिया है।

उदाहरण के लिए, कई बायोटेक और फार्मास्युटिकल कंपनियों को एक ही समय में बांड खरीदते हुए पाया गया है, जो स्पष्ट रूप से सरकारी एजेंसियों और नियामक विभागों की कार्रवाई की तपिश की मजबूरियों का संकेत देता है। किसी के पास अभी लोगों और शासन प्रणाली सहित पूरे देश पर किये गये धोखाधड़ी के पूर्ण प्रभाव का अनुमान लगाने का कोई साधन नहीं है।

चुनावी बांड योजना 2017 के मध्य में शुरू की गई थी, यह अवधि महत्वपूर्ण उथल-पुथल से भरी थी। देश ने हाल ही में नोटबंदी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन के दोहरे तूफान का सामना किया था। भयानक रूप से झकझोरने वाली उन घटनाओं के दूरगामी परिणाम हुए, विशेषकर सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्योगों के लिए। जैसे ही धूल जम गई, बड़े निगमों ने अपनी बाजार हिस्सेदारी मजबूत करने के अवसर का लाभ उठाया, जिससे छोटे खिलाडि?ों को उबरने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

सितंबर 2019 में, मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट भारत को एक और वरदान दिया, मौजूदा कंपनियों के लिए आधार कॉर्पोरेट कर की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया और नयी पूंजी निवेश परियोजनाएं शुरू करने वाली नयी कंपनियों के लिए इसे घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। अनुमान है कि वित्त मंत्रालय ने कंपनियों को ये रियायतें देने के लिए 1,45,000 करोड़ रुपये का भारी त्याग किया है।

फिर, कहानी में एक अप्रत्याशित मोड़ आया जब इन कर प्रोत्साहनों को अतिरिक्त निवेश और रोजगार सृजन के वित्तपोषण में लगाने के बजाय, अधिकांश बड़े निगमों ने अपनी क्षमता का विस्तार किये बिना अपनी लाभप्रदता बढ़ाने का विकल्प चुना। पूंजी निवेश में बढ़ोतरी का वायदा अधूरा रहा, जिससे मूल इरादा भी अधूरा रह गया।

इसके परिणामस्वरूप कंपनियों पर दबाव डालने की भारी गुंजाइश रह गई थी, जिसे सरकार ने एक कला के रूप में विकसित कर लिया, जो अप्रिय चुनावी बांड योजना के रूप में शुरू की गई। शुरूआत में ही यह स्पष्ट था कि यह योजना भ्रष्टाचार के द्वार खोल देगी। चुनाव आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत हर संभावित एजेंसी ने दुरुपयोग की संभावना के कारण इस योजना का विरोध किया था, लेकिन मोदी सरकार के विचार अलग थे, और उसने सभी विरोधों को दरकिनार कर चुनावी बांड योजना को लागू कर दिया।

सबसे बड़ी दानकर्ता फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज नामक केरल की एक अल्पज्ञात लॉटरी कंपनी निकली है, जिस पर सत्तारूढ़ सीपीआई-एम के एक प्रमुख नेता के साथ संदिग्ध संबंधों सहित कई संदिग्ध सौदों का आरोप लगाया गया है। सूची में शामिल अन्य प्रमुख दानदाताओं में स्टील टाइकून लक्ष्मी मित्तल, सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल और अनिल अग्रवाल की वेदांता शामिल हैं।

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड किये गये आंकड़ों के अनुसार, खरीदारों में स्पाइसजेट, इंडिगो, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, सन फार्मा, वर्धमान टेक्सटाइल्स, जिंदल ग्रुप, फिलिप्स कार्बन ब्लैक लिमिटेड, सीएट टायर्स, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, आईटीसी, केपी एंटरप्राइजेज, सिप्ला और अल्ट्राटेक सीमेंट भी शामिल हैं।


बांड और कॉर्पोरेट व्यवहार के बीच दिलचस्प लिंक पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में है और दाताओं और प्राप्तकर्ता पार्टियों की सूची आकर्षक सुराग प्रदान करती है। कई कंपनियां जो प्रमुख बांड खरीदार के रूप में सामने आईं, उन्हें अपने कमीशन और चूक के कारण नियामक दबाव की मजबूरियों का सामना करना पड़ा, जिससे लगभग एक पैटर्न बन गया।

एक साथ बांड अधिग्रहण महज वित्तीय लेनदेन से कहीं अधिक का संकेत देते हैं। जाहिर तौर पर, बांड ने उन्हें आगे की परेशानी से बचने में मदद की। धन के बदले में सरकारी फायदा देने की व्यवस्था बड़ी दिख रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि राहत की तलाश में ये कंपनियां अपनी समस्या का अंतिम समाधान लेकर आई हैंः अनुकूल नीतियों, अनुबंधों या अन्य रियायतों के बदले सत्तारूढ़ दल को वित्तीय सहायता की एक अनकही समझ के साथ।

सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) इस हिमालयी धोखाधड़ी को अंजाम देने में एक इच्छुक भागीदार बन गया था और भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने तुरंत उसके धोखे के प्रयास को पकड़ लिया। विवरण पूरी तरह नहीं देने और इसलिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड हुई जानकरी पूरी नहीं होने पर सर्वोच्च न्यायालय ने एसबीआई की आलोचना करने में कोई कमी नहीं की तथा उसे चुनावी बांड के सीरियल नंबरों को नहीं देने के लिए नोटिस भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि इन नंबरों के खुलासे से धन देने और लेने वालों का पता चलेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने योजना से जुड़ी पारदर्शिता संबंधी चिंताओं पर जोर देते हुए स्पष्टीकरण की मांग की तथा एसबीआई 18 मार्च तक जवाब देने को कहा है।

# 'इंडिया' के समक्ष चुनौतियां और अवसर

शनिवार को घोषित लोकसभा चुनाव ऐसी परिस्थितियों में होने जा रहे हैं जिनमें एक तरफ तो योजनाबद्ध तरीके से सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने अपने खजाने को लबालब कर रखा है, तो वहीं दूसरी ओर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत अपने प्रमुख विपक्षी दल व मुख्य चुनौती देने वाली पार्टी कांग्रेस के वित्तीय संसाधनों को इस तरह अवरूद्ध कर दिया है कि वह उनका प्रचार के लिये इस्तेमाल ही न कर सके।



हालांकि संवैधानिक रूप से सभी दलों को चुनाव लड़ने के लिये एक सी परिस्थितियां मुहैया कराने का दावा वह संस्था कर रही है जो देश में निर्वाचन करने के लिये संविधान की ओर से अधिकृत व उत्तरदायी है- केन्द्रीय निर्वाचन आयोग। ऐसे में सवाल उठता है कि कांग्रेस एवं अप्रत्यक्ष रूप से कहें तो संयुक्त प्रतिपक्ष यानी 'इंडिया' गठबन्धन के समक्ष किस प्रकार की चुनौतियां एवं अवसर लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर हैं।

चुनावी कार्यक्रम उसी दिन घोषित हुआ है जिस दिन राहुल गांधी ने अपनी लगभग 6700 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समापन मुम्बई में किया। मणिपुर से 14 जनवरी को निकली यह यात्रा उनकी 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकलकर कश्मीर में 30 जनवरी, 2023 को समाप्त हुई 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा संस्करण थी। इसके समापन अवसर पर उन तमाम विपक्षी दलों के बड़े नेताओं द्वारा मुम्बई के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में एक बड़ी रैली के आयोजन ने यह साफ संदेश दे दिया है कि कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने, प्रतिपक्षी नेताओं पर छापेमारी कर उन्हें जेल भेजने तथा विपक्षी दलों के नेताओं-प्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त के बाद भी इंडिया गठबन्धन न केवल अटूट है बल्कि वह चुनाव में जाने को उत्सुक है। राहुल की पहली यात्रा शुरू तो हुई थी लोगों में विभाजन को रोकने एवं उन्हें जोड़ने (जिसे 'नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दूकान' बतलाया गया और प्रारम्भ में जिसका मजाक भी उड़ाया गया था) के प्रयासों से, लेकिन इस दौरान उभरे मसलों ने ऐसे जनविमर्श का रूप ले लिया जो न केवल उसके बाद के सियासी परिदृश्य की बुनियाद बना बल्कि उसने ही दूसरी यात्रा का औचित्य भी तैयार किया। इसमें कांग्रेस ने राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय की मांग की।

कहने को ये तीन शब्द ही हैं पर इनके जरिये एक विस्तृत चुनावी एजेंडा तैयार कर लिया गया। इनसे न केवल अनेक नाकामियों व भाजपा के प्रहारों से पस्त कांग्रेस में जान लौटी वरन राहुल की छवि को जिस तरह से एक कुटिल, प्रदीर्घ और महंगे अभियान के तहत बिगाड़ा गया था, उसका भी पदार्फाश हुआ। लोग जान गये कि इसके पीछे भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मंशा क्या थी। जनता के सामने अब सब कुछ शीशे की तरह साफ हो गया है कि पहले 'कांग्रेस मुक्त भारत' और फिर 'विपक्ष मुक्त भारत' का नारा देने वाली भाजपा का उद्देश्य राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक शक्तियों को अपने हाथों में लेना है। पूंजी आधारित राजनैतिक सत्ता तैयार करने के लिये भाजपा हेतु आवश्यक था कि वह लोगों को किसी न किसी नशे का आदी बनाये। धर्म, जातिवाद, साम्प्रदायिकता, राष्ट्रवाद का इस्तेमाल उसने मादक द्रव्यों की तरह किया और उसका भरपूर लाभ उठाया। साम्प्रदायिक तनाव, धार्मिक उन्माद और राष्ट्रवाद का जहर बो कर भाजपा ने अनेक राज्यों तथा 2019 की चुनावी फसल काटी।

ये वे मसले थे जिन्हें हल करते हुए ही भारत ने औपनिवेशिक दासता की बेड़ियां काटकर सम्प्रभुता हासिल की थी। मोदी व भाजपा-संघ जानते थे कि जब तक लोगों के मन में इस गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान बना रहेगा, उनके मंसूबे पूरे नहीं हो सकते। इसलिये जनता एवं खासकर नयी पीढ़ी के मन में भ्रामक कहानियां गढ़ते हुए उस सम्पूर्ण विरासत को ही बदनाम किया गया। भारत के संवैधानिक मूल्यों को देश की कमजोरी बतलाते हुए ऐसे नये भारत का स्वप्न दिखाया गया जिसमें बहुसंख्यकों का वर्चस्व हो।

अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिमों-ईसाइयों के प्रति घृणा का माहौल बनाया गया। इसके लिये धर्म का राजनीति में बड़े पैमाने पर प्रवेश कराया गया। देश को ऐसे दो धड़ों में बांटा गया जिसमें एक ओर उन लोगों को धार्मिक व उसके जरिये देशभक्त बताया गया जो भाजपा के समर्थक हैं और दूसरे खांचे में सारे देश को बैठाया गया। इन स्थितियों में जब विपक्ष के पास भाजपा के पैंतरों की कोई काट नहीं थी, तब राहुल की दो यात्राओं ने लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष व प्रगतिशील ताकतों को राह दिखाई। उन्हें हौसला भी मिला। फिर, जैसे-जैसे राहुल की यात्राओं, उनके लोकसभा में दिये भाषणों, सभाओं, प्रेस कांफ्रेंस एवं अन्य तरह से होते खुलासों से लोगों की आंखें खुलती गईं, मोदी व भाजपा की मुश्किलें बढ़ने लगीं। इतना ही नहीं, जिस कांग्रेस से कई दल परहेज कर रहे थे, वे भी अंततः उसकी छतरी तले आ गये। यह दीगर बात है कि कुछ लोग धोखा दे गये (नीतीश कुमार, जयंत चौधरी आदि) और ऐसे कुछ लोग शामिल नहीं हुए, जिनसे अपेक्षा थी (मायावती आदि)।

बहरहाल, एक ओर तो भाजपा के राममंदिर, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), यूसीसी जैसे साम्प्रदायिक मुद्दे नाकाम हो रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ अनेक नाकामियों, भ्रष्टाचार, कारोबारियों से उनकी नजदीकियों, चुनावी कदाचारों और हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर हुई किरकिरी से मोदी की लोकप्रियता में व्यापक ह्रास हुआ है। इन तमाम मुद्दों के साथ कांग्रेस व विपक्ष ने भाजपा के सामने इतनी कड़ी चुनौती पेश की है कि भाजपा भी जान गई है कि परिस्थितियां वैसी अनुकूल नही है जैसी 2019 में थी।

# हालात बिल्कुल 2004 जैसे ! क्या इतिहास दोहराया जाएगा?

**- शकील अख्तर**

आज की स्थिति 2004 से किस तरह अलग है? बल्कि जनता की स्थिति 2004 से ज्यादा खराब है। बेरोजगारी की समस्या विस्फोटक हो गई है। सरकारी भर्तियां बिल्कुल बंद कर दी गई हैं। कांग्रेस ने विभागवार बताया कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। इनमें 8 लाख के करीब आरक्षित सीटें हैं। मतलब जिन दलित आदिवासी पिछड़ों के जीवनयापन का मुख्य आधार सरकारी नौकरी था उससे उन्हें वंचित कर दिया गया।

यह चुनाव आसान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी बातें चाहे चार सौ पार की जितनी कर लें मगर उन्हें मालूम है कि नफरती हवा नहीं चल पा रही है। और बिना हिन्दू-मुसलमान हुए सबसे बड़ी पार्टी बनना भी मुश्किल है। 2004 के चुनाव उन्हें याद होंगे। वाजपेयी जैसे भाजपा के सबसे बड़े नेता कांग्रेस से पीछे रह गए थे।

आज की ही तरह बड़े-बड़े नारे थे। फील गुड और इंडिया शाइनिंग! और दूसरी तरफ आज के राहुल की तरह अकेली सोनिया गांधी थीं। ऐसे ही सड़कों पर संघर्ष करती हुई। जैसे अहंकार भरे कटाक्ष आज हो रहे हैं वैसे ही तब होते थे। उस समय प्रमोद महाजन चाणक्य बने हुए थे। कहा कि यह सड़कें हमने बना दीं तो सोनिया चल पा रही हैं।

उस समय भी खामख्याली का यही अंदाज था कि देश में जो कुछ हुआ है हमने किया है। इंडिया शाइनिंग इसी से उपजा नारा था। जैसे आज विश्व गुरु है। मगर 13 मई 2004 को जब परिणाम आए तो कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी थी। 145 सीटों के साथ और उसका गठबंधन 335 सीटों के साथ बहुमत से बहुत आगे था। भाजपा को केवल 138 सीटें मिली थीं।

यहां यह बता देना जरूरी है कि उस समय भी चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में मीडिया भाजपा और इसके गठबंधन एनडीए को भारी बहुमत दिला रहा था। एनडीए को 335 सीटें और यूपीए को 110। और जब नतीजे आए थे एनडीए केवल 181 सीटों पर सिमट कर रह गई।

शनिवार 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से एक दिन पहले तक मीडिया एनडीए को कितनी सीटें दिखा रहा था? उतनी ही जितनी मोदी जी खुद बोल रहे हैं। चार सौ! चार सौ से दो कम! चार सौ से चार ज्यादा! मतलब चार सौ का आंकड़ा जनता के दिमाग में भर देना है।

मगर क्या इस तरह जनता के दिमाग में कुछ भरा जा सकता है? 2004 में तो साफ कहा गया था। फीड गुड! अच्छा महसूस करो! जनता की हालत आज की ही तरह बुरी थी। नहीं कर पाई। जमीनी हकीकत पर चली गई। बेरोजगारी बढ़ गई थी। जीडीपी घट गई थी। अमीर-गरीब के बीच अंतर बढ़ता चला जा रहा था। संयुक्त राष्ट्र का मानव विकास सूचकांक बता रहा था कि पीने के पानी, बुनियादी ढांचे, एजुकेशन, हेल्थ, पावर जैसे क्षेत्रों का बजट कम हो रहा था। महंगाई पर कोई काबू नहीं था। कैसे महसूस करती सब अच्छा है। फील गुड। नारा तो बहुत तेजी से चल रहा था। मीडिया की भक्ति में उस समय भी कोई कमी नहीं थी। इंडिया शाइनिंग कर रही थी। मगर हकीकत में लोग देख रहे थे कि शाइन (चमक) केवल बड़े-बड़े उद्योगपतियों के चेहरे पर ही है। जनता के चेहरे बुझे हुए थे। निराशा का माहौल था।

अब आप बताइये कि आज की स्थिति 2004 से किस तरह अलग है? बल्कि जनता की स्थिति 2004 से ज्यादा खराब है। बेरोजगारी की समस्या विस्फोटक हो गई है। सरकारी भर्तियां बिल्कुल बंद कर दी गई हैं। कांग्रेस ने विभागवार बताया कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। इनमें 8 लाख के करीब आरक्षित सीटें हैं। मतलब जिन दलित आदिवासी पिछड़ों के जीवनयापन का मुख्य आधार सरकारी नौकरी था उससे उन्हें वंचित कर दिया गया। कृषि जातियां जो देश की कुल आबादी का पचास प्रतिशत से ज्यादा हैं उनके लड़कों के रोजगार का मुख्य साधन फौज, अन्य सुरक्षा बल और पुलिस हुआ करते थे। मगर सब जगह भर्ती बंद कर दी गई। सेना में अग्निवीर जैसी ठेके की स्कीम ले आए। यूपी में 6 साल बाद पुलिस में भर्ती आई थी। मगर पेपर लीक हो गया। आजकल हर भर्ती में यह होता है। पहले तो भर्ती नहीं आती। आती है तो पेपर नहीं होते। पेपर होते हैं लीक हो जाते हैं। और अगर सब ठीक रहा तो नियुक्तियां नहीं होतीं। फौज जैसी जगह में चयन के बाद डेढ़ लाख युवा नियुक्ति के लिए भटक रहे हैं।

# एआरटीओ पर लेनदेन को हुआ जानलेवा हमला

### आरोपियों की गिरफ्तारी को दे रहे दबिशः थानाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर-सरधुवा थाना क्षेत्र की मिलीभगत से बालू माफिया व लोकेशन गैंग जमकर ट्रक व ट्रैक्टर से बालू खनन कर ओवरलोडिंग कर रहे हैं। उच्च न्यायालय के आदेश बाद भी ट्रक-ट्रैक्टरों में अवैध खनन सामग्री ढोई जा रही है। नतीजतन गंदी सोच के एआरटीओ विवेक शुक्ला के ओवरलोड गाड़ी पकड़ने पर स्कॉर्पियो सवार 15 दबंगों ने धर्मकांटा पर



एआरटीओ विवेक शुक्ला।

वजन करा रहे एआरटीओ पर जानलेवा हमला किया। एआरटीओ की तहरीर पर राजापुर थाने में जानलेवा हमले का मामला दर्जकर थानाध्यक्ष हमलावरों की गिरफ्तारी को दबिश दे रहे हैं।

एआरटीओ के साथ मारपीट की ये घटना रविवार की रात हुई। बताया गया कि ओवरलोड ट्रक छुड़वाने को लेकर एआरटीओ विवेक शुक्ला व चालक संदीप शुक्ला की लात-घूंसो व थप्पडों से जमकर धुनाई हुई। धुनाई से चालक की आंख में चोंट आई है। धुनाई बाद दबंग ट्रक मालिक फरार हो गये। एआरटीओ विवेक शुक्ला ने राजापुर थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामला दर्जकर दबंगों की गिरफ्तारी को दबिश् दी जा रही है।

चार माह पहले भी एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला पर भरतकूप थाना के गोण्डा गांव के पास भी जानलेवा हमला हुआ था। उनके ऊपर ट्रक चढ़ाने के प्रयास हुए थे। एआरटीओ बातचीत में अक्खड किस्म के माने जाते हैं। उनसे किसी से पटरी भी नहीं खाती। वे पैसे के लिए सब कुछ कर गुजरने को तैयार रहते हैं। यहां तक कि मारपीट व जानलेवा हमला उन पर नई बात नहीं है।

### पुलिस ने छह वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने छह वारंटी दबोचे हैं। सोमवार को सरधुवा थाने के दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने विद्युत अधिनियम वारंटी रामप्रताप सिंह पुत्र स्व प्रहलाद सिंह, रामशंकर सिंह पुत्र स्व दीनबंधु सिंह निवासी ममसी बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा राजोल नागर ने वारंटी गुड्डा कोल पुत्र पयासी कोल गोविन्दनगर को गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी गनीवा अनिल सिंह ने आबकारी अधिनियम वारंटी हनुमान सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह रम्पुरिया अव्वल को गिरफ्तार किया। सीतापुर चैकी के दरोगा मेवालाल मौर्य ने विद्युत अधिनियम के वारंटी बालगोविन्द पुत्र शिवनारायण केसरवानी तीर्थराजपुरी को गिरफ्तार किया। चैकी परिक्रमा मार्ग प्रभारी राजेश चैरसिया ने विद्युत अधिनियम वारंटी दिनेश कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान मंदिर को गिरफ्तार किया।

# बेकसूर शिक्षक की सिपाही ने की हत्या

### मूल्यांकन कार्य से विरत रहे शिक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कालेज में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य करने वाले परीक्षकों ने मुजफ्फरनगर में एक शिक्षक की हत्या के विरोध में मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर धरने पर बैठ नारेबाजी की। राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष रामकेश कुशवाहा ने कहा कि मृतक शिक्षक धर्मेन्द्र ने साथ गए पुलिस कर्मी के दारू पीने का विरोध किया था। नशे में टुन्न पुलिस कर्मी ने शिक्षक को कारबाईन से गोली मार दी। शिक्षकों ने मांग की है कि हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की जाये।



सीआईसी में नारेबाजी करते शिक्षक।

सोमवार को मृतक शिक्षक के परिजनों को मुआवजा देने व हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर कापियां जांचने से विरत रहे। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ व राजकीय शिक्षक संघ के सभी शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य छोड़कर धरने पर बैठे। शिक्षक नेता पुरुषोत्तम प्रजापति, अनिल कुमार, श्रीमती कमला साहू ने कहा कि मुजफ्फरनगर में रात में राजकीय हाईस्कूल महगांव वाराणसी के शिक्षक की मुजफ्फरनगर में गोली मारकर हत्या के मामले को लेकर शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य नहीं किया। सभी शिक्षक दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। अजय त्रिपाठी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा कॉपियों को ले जाने को सुरक्षा व्यवस्था दी जाती है, आश्चर्य है कि रक्षक ही शिक्षक का भक्षक बन गया। बेकसूर शिक्षक को मौत की नींद सुला दिया।

# निर्भीक होकर करें मतदानः एएसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण व भयमुक्त सम्पन्न कराने को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की मौजूदगी में पहाड़ी थाना क्षेत्र कस्बे समेत भोलापुरवा, परसौंजा, कहेटा माफी, चिल्लामाफी, रेहुटा, भरकोर्रा, अशोह में पुलिस ने एसएसबी फोर्स के साथ क्षेत्र भ्रमण किया। सोमवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की



क्षेत्र भ्रमण करते एएसपी।

अगुवाई में क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को भरोसा दिया कि निर्भीक होकर मतदान करें। अशोह में पहाड़ी पुलिस व एसएसबी फोर्स के साथ भ्रमण में मतदान केंद्र देखे। लोगों को भरोसा दिया कि निर्भीक होकर मतदान करें। किसी के प्रलोभन या दबाव में मतदान न करें। कोई प्रलोभन दे या दबाव डाले तो जानकारी पुलिस को दें। पुलिस तत्काल कार्यवाही करेगी।

### सरधुवा थाने में हुई शान्ति समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर रमजान व होली पर्व के मद्देनजर थाना सरधुवा में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय तथा प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की मौजूदगी में शान्ति समिति के सदस्यों के साथ हुई गोष्ठी में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोगों से वार्ता कर पर्वों को भाईचारे व सौहार्दपूर्ण ढंग माहौल में मनाने की अपील की गयी। शासन के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।

# मुख्यालय में है ये दशा, गांव-देहात का भगवान जाने!

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे अधिकारी घटिया सामग्री से बन रहे फुटपाथ बाबत ये बताने को तैयार नहीं है कि किस विभाग से कार्य हो रहा है। कोई चित्रकूट क्षेत्र विकास प्राधिकरण का कार्य बता रहा है तो कोई नगर पालिका का- ऐसे में ये निर्धारण कौन करे कि कौन विभाग घटिया सामग्री से फुटपाथ बनवा रहा है।

सोमवार को जिला मुख्यालय में फुटपाथ बनाने में भारी घपलेबाजी हो रही है। ठेकेदार सतह पर दो-चार गिट्टी मिली डस्ट डाल रहा है। ये फुटपाथ बनते ही पहली बरसात नहीं झेल पायेगा। लोगों ने ठेकेदार



फुटपाथ बनाने को पडी घटिया सामग्री।

के कार्यों की जांच की मांग की है। बन रहे फुटपाथ का कार्य इन दिनों डॉ सीताराम के सामने चल रहा है। फुटपाथ की सतह पर गिट्टी की बजाय दो-चार गिट्टी मिली डस्ट डाली जा रही है। ये फुटपाथ बनते ही पहली बरसात में ही धंस जायेगा। लोगों का मानना है कि फुटपाथ बनाने में सतह की मजबूती बेहद जरूरी है। ठेकेदार मानक अनुसार कार्य न करके घटिया सामग्री से फुटपाथ निर्माण कर रहा है।

भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे अधिकारी ये तक बताने को तैयार नहीं हैं कि कौन विभाग फुटपाथ बना रहा है। यहां तक कि ठेकेदार का नाम भी कोई नहीं बता रहा। जिला मुख्यालय में जब ये दशा है तो गांव-देहात में निर्माण कार्यों की क्या दशा होगी? इस बारे में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि जिला मुख्यालय में जब कार्यों का पता नहीं चल रहा, कौन विभाग करा रहा है तो गांव-देहात में किस तरह से कार्य होते होंगे, ये तो भगवान ही मालिक है।

# कामर्शियल की जगह धडल्ले से घरेलू सिलेंडरों का हो रहा प्रयोग

### बच्चों की जान से खिलवाड

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर कस्बे में दो दशक से संचालित पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पेट्रोल पंप के सामने चल रहा है। बुंदेलखंड के पिछड़े क्षेत्र होने से गरीब आदिवासियों के बच्चों को शिक्षित करने को सरकार ने संस्था खोली है।

सोमवार को संस्था में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग होते देखा गया। क्षेत्र के गरीब असहाय बच्चों को शिक्षित करने को प्रतिवर्ष भोजन, कपड़ा, जूते-मोजे, दवाइयों की सुविधा देते हुए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। जिम्मेदार अधिकारी व प्रधानाचार्य बच्चों को मेन्यू अनुसार भोजन न देकर मनमानी ढंग से भोजन परोस रहे हैं। खाना बनाने में कामर्शियल सिलेंडर की



संस्था में होता घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग।

जगह खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग हो रहा है। इस बाबत प्रधानाचार्य गुप्ता से बात की तो उन्होंने कहा कि कुछ दिनों को प्रधानाचार्य का प्रभार मिला है। पूरा कार्यभार जिला समाज कल्याण अधिकारी देखते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया कि वह बेवकूफ है, उसको प्रधानाचार्य के चार्ज पर बैठाया है। वह नहीं बता सके तो वे कैसे बतायेंगे। उन्होंने जांच कराने की बात कही।

# कैदियों को मिले अनुमन्य सुविधायेंः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा संचालन, महिला बैरक में बन्द महिलाओं के खान-पान आदि बाबत जानकारी की। हाई सिक्योरिटी बैरक में कैदियों की तलाशी कराई।

सोमवार को डीएम-एसपी ने जिला कारागार में बैरक नंबर 5-6 में बन्द कैदियों की तलाशी कराकर कैदियों के हालचाल जाने। उन्होंने अधीक्षक कारागार को निर्देश दिये कि कैदियों को मेन्यू अनुसार खानपान व्यवस्था करें। महिला बैरक के अंदर की दीवारों पर रामायण कालीन पंक्तियों व चित्रो की पेंटिंग करायें। उन्होंने कहा कि जेल के अंदर सीसीटीवी




जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

कैमरा सुरक्षा दृष्टि से सही ढंगसे चलते रहें। कहीं पर कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। कैदियों को जो सुविधायें अनुमन्य हैं, उसी अनुसार व्यवस्था करें। निरीक्षण में अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



मतपेटी रखवाने की जगह देखते डीएम-एसपी।

# लोस चुनाव को डीएम ने देखी स्ट्रांग रुम की व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम व मतगणना की व्यवस्थायें देखी।

जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल की सभी व्यवस्थायें प्लान बनाकर पेश करें।

सोमवार को जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थायें देखते हुए नक्शा तैयार कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण में एडीएम एफआर उमेशचन्द्र निगम, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्र नाथ आदि मौजूद रहे।

### 67 लीटर महुआ-48 क्वार्टर शराब समेत पांच दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने पांच लोगों के कब्जे से 67 लीटर महुआ व 48 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। सोमवार को बरगढ थाने के दरोगा राम आधार सिंह ने सिपाही मनोज कुमार, अनुज द्विवेदी के साथ राकेश सिंह बघेल पुत्र स्व शिवप्रताप सिंह निवासी बरगढ़ के कब्जे से 38 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

सीतापुर चौकी के दरोगा उमाशंकर यादव ने शुभकरन पुत्र मोतीलाल यादव पड़वनिया सतना मप्र को दस लीटर महुआ शराब समेत दबोचा है। चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने हरिश्चन्द्र पुत्र चुन्नीलाल अंतरी मजरा माराचन्द्रा को नौ लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा बालकिशुन ने सिपाही सतीश कुमार जीतू गुप्ता उर्फ महेन्द्र कुमार पुत्र स्व रामकिशोर गुप्ता निवासी रसिन को 30 क्वार्टर देशी शराब समेत दबोचा है। पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने सिपाही शरद कुमार के साथ चुन्नीलाल पुत्र सुन्दरलाल निवासी पहाड़ी को 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा अनिल कुमार ने सिपाही लवकुश यादव के साथ छोटू सोनकर पुत्र चोखेलाल निवासी भैरम बाबा निवासी राजापुर को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

# नीरज बने विहिप के जिला मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व हिन्दू परिषद के कर्वी नगर अध्यक्ष रहे नीरज केसरवानी को जिला मंत्री का नया दायित्व मिला है। 17 मार्च को कानपुर प्रांतीय बैठक में प्रांतीय पदाधिकारियों ने घोषणा की।

छह माह से जिले में जिला मंत्री का पद खाली था। नीरज केसरवानी सौम्य बर्ताव से संगठन में सर्वप्रिय हैं। उन्हें जिला मंत्री बनाने पर विहिप के जिलाध्यक्ष राजेंद्र



नीरज केसरवानी।

त्रिवेदी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, रामकुमार पटेल, जिला संगठन मंत्री ऋषभ, जिला सहमंत्री अर्चन, सिद्धार्थ, जिला कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद, जिला संयोजक बजरंग दल अंकित पटेल, सह संयोजक प्रणव भारद्वाज, अव्यय गौतम, शिवेंद्र सिंह, जिला मठ-मंदिर प्रमुख अजय मिश्रा, धर्माचार्य प्रमुख मृदुल महाराज, जिला सत्संग प्रमुख गणेश, गोरक्षा प्रमुख विमल आदि ने खुशी जताई है। मां भारती की निष्ठापूर्वक सेवा को शुभकामनायें दी हैं।

# लोस चुनाव में प्रिंटिंग प्रेस देगा जानकारीः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस, मुद्रकों व प्रकाशकों को निर्वाचन आयोग से जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये। किसी भी राजनीतिक दल व प्रत्याशियों के कोई चुनावी सामग्री मुद्रित कराई जाती है तो सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में दी जाये।

सोमवार को जिलाधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस के सभी प्रकाशक-मुद्रकों से कहा कि चुनाव आयोग से लोकसभा चुनाव बाबत जारी दिशा-निर्देशों में राजनीतिक दलों अथवा प्रत्याशियों के कोई भी प्रेस में चुनाव बाबत सामग्री पुस्तिकायें, पोस्टर, पम्पलेट आदि प्रकाशित कराते हैं तो होने वाले व्यय बाबत पूरी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का अनुपालन करते हुए कहा कि धारा 127क के तहत किसी भी निर्वाचन पम्पलेट-पोस्टर प्रकाशक-मुद्रित करता है तो सामग्री पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम, पता, प्रतियों की तादाद का साफतौर पर उल्लेख होगा। इसी प्रकार धारा 127 क(2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अंदर मुद्रित प्रतियां एवं प्रकाशक का घोषणा पत्र भी भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि 127क के प्राविधानों व आयोग के आदेश के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। संबंधित पर कड़ी कार्रवाई कर प्रिंटिंग प्रेस लाइसेंस जब्त हो सकता है या छह महीने की जेल अथवा जुर्माना दो हजार तक हो सकता है अथवा दोनों दंड दिये जा सकते हैं।

# झोलाछाप पर एसडीएम ने दिये कार्यवाही के निर्देश

### किसके रहमोकरम पर झोलाछाप चला रहे क्लीनिक

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर कस्बा समेत आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ो की तादाद में झोलाछाप डॉक्टर अवैध क्लीनिक व पैथोलॉजी सेन्टर चला रहे हैं। भोली- भाली जनता को लूटने को ये सेन्टर चल रहे हैं।

सोमवार को फिर एक झोलाछाप डॉक्टर ने मरीज का हाथ तोड दिया।




जान लेने के बाद फिर खुला बंगाली क्लीनिक।

आये दिन गलत इलाज से किसी न किसी मरीज की जान जाती है। झोलाछाप के हाथों से मानिकपुर कस्बा स्थित इलाहाबाद बैंक के बगल में डॉ बंगाली दवाखाना डॉ पी राय के नाम से है। पिछले दो-तीन माह पहले एक मरीज की जान ले ली थी। जिम्मेदार अधिकारी घटना के दो-चार दिन तक क्लीनिक बंद होने के बाद पुनः चलने लगते हैं। अधिकारी ऐसे लोगों पर कडी कार्यवाही नहीं कर रहे। इस बाबत एसडीएम पंकज वर्मा ने कहा कि झोलाछाप डाक्टरों को नोटिस जारी की है। प्रभारी अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर के डा मनीष कुमार को कार्यवाही के आदेश दिये हैं। देखना है कि कब तक कार्यवाही होती है या फिर इसी तरह झोलाछापों से भोली-भाली जनता लुटती रहेगी।

# एसपी के निर्देश पर बीस पर मिनी गुण्डा एक्ट

### लोस चुनाव पर जारी है कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले बीस लोगों पर पुलिस ने मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने अमरनाथ पुत्र सत्यनारायण बिनौरा, अरविंद तिवारी उर्फ मुन्नू पुत्र चंद्रदेव, जीतू उर्फ रघुवीर पुत्र भोला प्रसाद, दीपक पुत्र रामनरेश राजापुर, अभिलाष उर्फ लाल पुत्र अनंतराम नादिन कुर्मियान, अजय उर्फ गोलू पुत्र सुभाष तिवारी राजापुर, रोहित पुत्र लालबाबू राजापुर, धोंधा ठाकुर पुत्र वकील सेन महुआ, अवधेश पुत्र भागौता छीबो, ज्ञान सिंह पुत्र रामेश्वर बरुआ, धीर सिंह उर्फ धीरू पुत्र कमलेश अर्जुनपुर, अश्विनी कुमार पुत्र बाबूलाल गनीवा, धानी केवट पुत्र कामता केवट चिल्लीराकस के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

इसी क्रम में कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने मोनू उर्फ अवनीश पुत्र सतीश तिवारी शंकर बाजार, पिंटू केसरवानी पुत्र सीताराम शोभा सिंह पुरवा, अन्नू दर्जी पुत्र रमेश दर्जी कपसेठी, बाबा उर्फ भुवनेश्वर पुत्र नारायण बलदाऊगंज, सौरभ उर्फ राजा पुत्र रसिकलाल शंकर बाजार पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने तरुण यादव पुत्र प्रभुदेवल बारामाफी, विष्णुदत्त पुत्र धनराज मिश्र भरकोर्रा पर मिनी गुण्डा एक्ट लगाया है।

# फ्लाई91 एयरलाइन ने 4 शहरों के बीच वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू किया





**पणजी/नई दिल्ली।** देश की नई विमानन कंपनी फ्लाई91 ने सोमवार को चार शहरों के बीच उड़ानों के साथ वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने गोवा, हैदराबाद, बेंगलुरु, और सिंधुदुर्ग के बीच अपनी उड़ानों की शुरूआत की हैं। फ्लाई91 अप्रैल में अगाती, जलगांव, और पुणे के लिए उड़ानें शुरू करेगी। इसके साथ ही कंपनी ने 1,991 रुपये के विशेष किराये (सभी कर समेत) की पेशकश की है।

कंपनी के प्रवक्ता ने यहां जारी एक बयान में कहा कि एयरलाइन की यह उड़ान गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सुबह 7.55 बजे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए रवाना हुई। एयरलाइन ने बेंगलुरु से सिंधुदुर्ग के लिए भी अपनी पहली उड़ान का परिचालन किया। एयरलाइन की योजना गोवा और बेंगलुरु के बीच सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को उड़ानें संचालित करने की है। फ्लाई91 के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनोज चाको ने कहा कि कंपनी की वाणिज्यिक उड़ान का शुभारंभ एयरलाइन की ह्लभारत को जोड़ने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने 1,991 रुपये के विशेष किराया (सभी कर समेत) की पेशकश पर कहा कि शुरूआती ऑफर फ्लाई91 के सभी उड़ान क्षेत्रों पर लागू होगा।

चाको ने बताया कि एयरलाइन सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को गोवा और बेंगलुरु के बीच उड़ानों का परिचालन करेगी। इसी तरह बेंगलुरु और सिंधुदुर्ग के बीच हर हफ्ते इतनी ही उड़ानें संचालित की जाएंगी। इसके अलावा एयरलाइन गोवा और हैदराबाद के बीच और सिंधुदुर्ग और हैदराबाद के बीच भी हफ्ते में दो बार उड़ान भरेगी। दरअसल. फ्लाई 91 का लक्ष्य यात्रियों को लक्षद्वीप और गोवा जैसे लोकप्रिय गंतव्यों से जोड़ना है। यह भारत के दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों से हवाई संपर्क बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

# रूस की जनता ने पुतिन पर जताया भरोसा




**मॉस्को।** रूस में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में जनता ने निवर्तमान राष्ट्रपति व्लादिमीर वी. पुतिन पर अपना भरोसा जताया है। रूस के चुनाव आयोग ने कहा है कि प्रारंभिक परिणामों में पुतिन सबसे आगे हैं। उन्हें 88 प्रतिशत वोट मिले हैं। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव में भारी बढ़त मिलने के बाद पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने जा रहे व्लादिमीर वी. पुतिन ने रविवार को राष्ट्रीय टेलीविजन पर अपने समर्थकों को संबोधित किया।

पुतिन ने अपने चुनाव मुख्यालय से राष्ट्रीय टेलीविजन पर जनता को भी संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी की मौत पर भी अपनी चुप्पी तोड़ी और इसे "दुर्भाग्यपूर्ण घटना" बताया। उन्होंने कहा, चुनाव में उन्हें किसी तरह की प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं करना पड़ा।

इससे पहले रूस के चुनाव आयोग ने घोषणा की कि पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले हैं। इस बीच मॉस्को में पुतिन समर्थक जीत का जश्न मना रहे हैं। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि पुतिन पश्चिमी दुनिया के अधिकांश हिस्सों में भले ही अछूत बन गए हों पर चुनाव ने यह साबित कर दिया है कि रूस की जनता उन्हें बेइंतहा प्यार करती है।

# अमेरिका, पश्चिमी देशों ने रूस में हुए चुनावों की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** अमेरिका और कई पश्चिमी देशों ने मौजूदा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक बार फिर से चुने जाने की खबरों के बीच सवाल खड़ा किया है। इन देशों ने रूसी राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता व स्वतंत्रता का अभाव है। पुतिन ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया है और कई को चुनाव लड़ने से रोका है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने भी अपने रूसी समकक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। एक बयान में, ब्रिटेन के विदेश विभाग ने यूक्रेनी क्षेत्र में अवैध रूप से चुनाव कराने के लिए रूस की आलोचना की। बयान में कहा गया कि इससे यह प्रतीत होता है कि शांति का रास्ता खोजने में रूस की दिलचस्पी नहीं है।

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पुतिन का शासन सेंसरशिप, दमन और हिंसा पर निर्भर है। पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने भी रूस में हुए चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है। पोलिश विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा,"रूस में दमन के जिन हालात में मतदान हुआ, उसमें स्वतंत्र, लोकतांत्रिक विकल्प चुनना असंभव था।"

# रूसी चुनाव आयोग ने कहा, भारी मतों के साथ पुतिन फिर से राष्ट्रपति चुने जाने की ओर अग्रसर



**मॉस्को।** देश के केंद्रीय चुनाव आयोग ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लगभग 90 प्रतिशत वोट के साथ पांचवीं बार देश के प्रमुख के रूप में चुने जाने की ओर अग्रसर हैं।

चुनाव आयोग के मुताबिक रविवार को मॉस्को के समय के अनुसार रात 9 बजे तक वह 87.9 प्रतिशत वोट के साथ सबसे आगे चल रहे थे। कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार, निकोले खारितोनोव दूसरे स्थान पर हैं। उन्हें लगभग 4.7 प्रतिशत वोट मिला है। उनके बाद न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव 3.6 प्रतिशत के साथ तीसरे और लिबरल डेमोक्रेट्स के लियोनिद स्लटस्की 2.5 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर हैं। गौरतलब है कि एग्जिट पोल में भी पुतिन को 87.8 प्रतिशत हासिल करने की बात कही गई थी।

2020 के संवैधानिक संशोधन के बाद यह पहल चुनाव है। इसमें रार्ष्ट्रपति पद के लिए दो कार्यकाल की सीमा तय की गई है। लेकिन यह पूर्वव्यापी नहीं होगा, यानी पहले से लागू नहीं होगा। देश के चुनाव आयोग के अनुसार इस साल ऐतिहासिक रूप से 74 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान चेचन्या (96 प्रतिशत), तुवा (94 प्रतिशत से अधिक), केमेरोवो क्षेत्र (94 प्रतिशत) और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (88.17 प्रतिशत) में हुआ। टॉम्स्क और अल्ताई क्षेत्रों के साथ-साथ करेलिया गणराज्य में कम मतदान हुआ। यहां लगभग 51 प्रतिशत लोगों ने अपने मतधिकार का प्रयोग किया।

# मालदीव के चुनावों के लिए मतपेटियां भारत, श्रीलंका, मलेशिया में भी रखी जाएंगी

**माले।** मालदीव के निर्वाचन आयोग के अनुसार आगामी संसदीय चुनावों के लिए मतपेटियां भारत, श्रीलंका और मलेशिया में भी रखी जाएंगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मालदीव के 11,000 लोगों ने अपने मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने के लिए पुनः पंजीकरण का अनुरोध किया है।

आयोग की अधिसूचना का हवाला देते हुए मीडिया की खबरों में कहा गया है कि 21 अप्रैल के संसदीय चुनावों के लिए लोगों को अपने मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने के संबंध में दी गई छह दिन की अवधि शनिवार को समाप्त हो गई। आयोग ने कहा कि मालदीव के चुनावों के लिए मतपेटियां केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम, श्रीलंका के कोलंबो और मलेशिया के कुआलालंपुर में भी रखी जाएंगी, क्योंकि तीनों देशों में से प्रत्येक में कम से कम 150 लोग मतदान करने के लिए पुनः पंजीकरण कराएंगे।

निर्वाचन आयोग के महासचिव हसन जकारिया ने कहा, ह्यह्यपहले की तरह, श्रीलंका और मलेशिया में कई लोगों ने पंजीकरण कराया है। भारत के तिरुवनंतपुरम में 150 लोगों ने पंजीकरण कराया है, इसलिए हमने वहां एक मतपेटी रखने का फैसला किया है। निर्वाचन आयोग को इस अवधि के दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों पर पुनः पंजीकरण का अनुरोध करने वाले 11,169 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। ह्यएडिशन डॉट एमवीह्ण समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, आयोग ने 1,141 फॉर्म खारिज कर दिए, जिसके बाद पंजीकरण के लिए कुल आवेदन 10,028 हैं। पिछले चुनावों की तुलना में इस साल पुनः पंजीकरण कराने वालों की संख्या कम होने का जिक्र करते हुए जकारिया ने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और थाईलैंड में मतदान नहीं होगा।

मालदीव में संसदीय चुनाव रविवार को होने थे, हालांकि, रमजान के महीने के दौरान चुनाव कराने से परहेज करने के लिए एक अधिनियम में संशोधन के बाद चुनाव की तारीख टाल दी गई। संसदीय चुनाव अब 21 अप्रैल को होने हैं।

मालदीव की 93 संसदीय सीटों के लिए कुल 389 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सबसे अधिक संख्या में उम्मीदवार भारत समर्थक मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) से हैं-जो 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके बाद प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) का सत्तारूढ़ गठबंधन है, जो 89 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है।

चीन समर्थक माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पिछले साल भारत विरोधी रुख के साथ सत्ता में आए थे। वह पीएनसी से जुड़े हैं।

# नारायणमूर्ति ने पोते रोहन मूर्ति को गिफ्ट किए 240 करोड़ रुपये के शेयर



**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस के संस्थापक एन. आर. नारायण मूर्ति ने अपने चार महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 240 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर उपहार में दिए हैं। अपने पोते को शेयर देने के बाद इंफोसिस में नारायणमूर्ति की हिस्सेदारी अब 0.40 फीसदी से घटकर 0.36 फीसदी रह गई है। उनके पास अब कंपनी के करीब 1.51 करोड़ शेयर रह गए हैं।

रेगुलेटरी फाइललिंग में दी गई जानकारी के मुताबिक सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी में एकाग्र रोहन मूर्ति की 15,00,000 शेयर यानी 0.04 फीसदी हिस्सेदारी है। दरअसल, अपने पोते एकाग्र रोहन मूर्ति के 10 नवंबर, 2023 को पैदा होने के बाद इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने अपने हिस्से के 240 करोड़ रुपये वैल्यू के शेयर गिफ्ट में दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस तरह नारायण मूर्ति का पोता संभवतः देश का सबसे छोटा करोड़पति बन गया है।

उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार में रेगुलेटरी फाइलिंग के मुताबिक शेयरों को यह लेन-देन 'ऑफ-मार्केट' तरीके से किया गया हे। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति नवंबर में दादा-दादी बने जब उनके बेटे रोहन मूर्ति और पत्नी अपर्णा कृष्णन को एक बेटा हुआ। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति की दो बेटियों के नाना-नानी भी हैं।

# नेपाल के विदेश मंत्री संसद में बोले- नेपाली सैनिकों का करार रद्द करने पर रूस सकारात्मक

नेपाल। नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने संसद में आज कहा कि रूसी सेना में कार्यरत नेपाली युवाओं का करार रद्द करने को लेकर रूस की तरफ से सकारात्मक जवाब आया है। प्रतिनिधि सभा में सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि रूस ने वहां की सेना में भविष्य में किसी भी नेपाली युवा की भर्ती नहीं लेने के लिए अपनी सहमति जता दी है। उन्होंने कहा कि इस समय रूसी सेना की तरफ से युद्ध लड़ रहे नेपाली युवाओं का करार रद्द करने को लेकर भी रूस ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल स्थित रूसी राजदूत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आगे से रूसी सेना में किसी भी नेपाली नागरिक को भर्ती नहीं किया जाएगा। साथ ही नेपाली युवा जो रूस में हैं, उनका करार भी समाप्त किया जाएगा। हालांकि विदेश मंत्री ने यह नहीं बताया कि यह कब और कितने दिनों में होगा। संसद में विदेश मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए नेपाली नागरिकों के शवों को वापस लाने के लिए भी कूटनीतिक प्रयास किया जा रहा है। श्रेष्ठ ने बताया कि मास्को में रहे नेपाली राजदूतावास रूसी प्रशासन से लगातार संपर्क कर मारे गए नेपाली नागरिकों के शवों को वापस लाने के लिए प्रयास कर रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि रूस अपने युद्ध में मारे गए नेपाली नागरिकों के परिवारों को क्षतिपूर्ति देने के लिए भी तैयार हो गया है। विदेश मंत्री का कहना है कि क्षतिपूर्ति की रकम पहले मास्को स्थित नेपाली राजदूतावास में जमा कराए जाने की बात है। उसके बाद नेपाल में उनके परिवार वालों को सौंपा जाएगा।

नारायणकाजी श्रेष्ठ ने संसद को यह जानकारी दी कि यूक्रेन में बंधक बनाए गए नेपाली नागरिकों की रिहाई के लिए सरकार ने संयुक्त राष्ट्र से पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार सीधे यूक्रेन सरकार के संपर्क में भी है और वहां भी बंधक बनाए गए नेपाली नागरिकों को वापस करने के लिए दबाब बनाया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नेपाल: सोना तस्करी मामले में पूर्व स्पीकर कृष्ण बहादुर महरा गिरफ्तार

**नेपाल।** एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूर्व स्पीकर एवं माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को गिरफ्तार कर लिया है।

सीआईबी ने महरा को सोमवार सुबह उनके निवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद महरा को सीआईबी हेडक्वार्टर लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। महरा को आज ही काठमांडू की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा जहां से उनकी रिमांड मांगी जाएगी।

सीआईबी प्रमुख एआईजी श्याम ज्ञवाली ने बताया कि सोना तस्करी मामले में जांच समिति की रिपोर्ट में कृष्ण बहादुर महरा की भूमिका की बात कही गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर महरा को गिरफ्तार किया गया है।

महरा नेपाल की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर रह चुके हैं। इस समय वे माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष हैं। महरा की गिरफ्तारी प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की हरी झंडी के बाद हुई है।

सोना तस्करी मामले में महरा के बेटे राहुल महरा की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। दोनों पर सोना तस्करी करने वाले चीनी नागरिकों के संरक्षण का आरोप है। सीआईबी ने दो दिन पहले पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे दीपेश पुन को भी गिरफ्तार किया था। सीआईबी ने इस मामले में एक दर्जन से अधिक चीनी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया हुआ है।

# वॉशिंगटन डीसी में फायरिंग में 2 लोगों की मौत, 5 घायल




**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में रविवार को फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीएनएन की रिपोर्ट में मेट्रोपॉलिटन पुलिस डिपार्टमेंट के हवाले से बताया गया कि रविवार को फायरिंग की सूचना कैनेडी रिक्रिएशन सेंटर के पास मिली।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस के कार्यकारी सहायक प्रमुख जेफरी कैरोल ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, "फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हालांकि, उनकी हालत के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अभी यह साफ नहीं हुआ है कि फायरिंग किसने की और क्यों की। फायरिंग व्हाइट हाउस के उत्तर-पूर्व में लगभग एक दर्जन ब्लॉकों में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं की है।

उन्होंने आगे कहा, "हम घटना से संबंधित जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस किसी ऐसे व्यक्ति से संपर्क करने का प्रयास कर रही है, जिसने घटना को देखा हो या उसके पास घटना से संबंधित कोई जानकारी हो। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी है।